संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -133 गुरूवार , 14 मार्च 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# 72 नामों की दूसरी सूची भाजपा ने की जारी



» गडकरी नागपुर से,पीयूष गोयल मुंबई नॉर्थ से लड़ेंगे...

» हरियाणा के पूर्व सीएम करनाल से कैंडिडेट

**नई दिल्ली,13 मार्च 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार की शाम भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी हुई। इसमें 72 नाम हैं। नागपुर से नितिन गडकरी,मुंबई नॉर्थ से पीयूष गोयल और हमीरपुर से अनुराग ठाकुर को टिकट दिया गया है। एक दिन पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने वाले मनोहर लाल खट्टर करनाल से चुनाव लड़ेंगे।भाजपा ने 2 मार्च को जारी पहली लिस्ट में 16 राज्य और दो यूटी से 195 कैंडिडेट्स के नाम जारी किए थे। पहली और दूसरी लिस्ट को मिलाकर पार्टी ने अब तक कुल 267 कैंडिडेट्स के नाम जारी कर दिए हैं।

### मध्यप्रदेश : 5 सीटों पर भी ऐलान,छिंदवाड़ा से विवेक बंटी साहू

मध्यप्रदेश की बाकी बची 5 सीटों पर भी प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया गया है। इंदौर से शंकर लालवानी और उज्जैन से अनिल फिरोजिया को टिकट दिया गया है। छिंदवाड़ा से विवेक बंटी साहू, बालाघाट से भारती पारधी और धार से सावित्री ठाकुर को प्रत्याशी बनाया गया है। 2 मार्च को आई पहली लिस्ट में 24 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया था। इस तरह एमपी के सभी 29 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए गए हैं।

### हरियाणा : पहली लिस्ट में 6 नाम,4 पर घोषणा बाकी

राज्य में लोकसभा की कुल 10 सीटें हैं। भाजपा ने पहली लिस्ट में 6 उम्मीदवारों का ऐलान किया। इनमें पिछले 2 दिन में हरियाणा के छ्टरू पद और विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने वाले मनोहर लाल खट्टर को करनाल से टिकट दिया गया है। भाजपा ने करनाल से मौजूदा सांसद संजय भाटिया का टिकट काट दिया है।

### हिमाचल : 2 नामों का ऐलान, 2 बाकी

हिमाचल की 4 लोकसभा सीटों में से 2 सीटों पर पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। हमीरपुर लोकसभा सीट से अनुराग ठाकुर को कैंडिडेट बनाया है। वह इस सीट से लगातार पांचवीं बार चुनाव लड़ेंगे। शिमला से पार्टी ने अपने मौजूदा सांसद सुरेश कश्यप को ही दोबारा मैदान में उतारा है। मंडी और कांगड़ा सीट पर प्रत्याशी अभी घोषित नहीं किए गए हैं।

### लोकसभा चुनाव के लिए चिराग पासवान को मिली 5 सीट

बिहार में भाजपा और लोजपा (लोक जनशक्ति पार्टी) के बीच सीट-शेयरिंग को लेकर बात बन गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोजपा को पांच सीटें मिली हैं। लोजपा के दो गुट हैं। एक गुट का नेतृत्व चिराग पासवान कर रहे हैं। दूसरे गुट का नेतृत्व चिराग पासवान के चाचा पशुपति पारस कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार चिराग की पार्टी को पांच सीटें मिली हैं। पशुपति पारस को लोकसभा की सीटें नहीं मिली हैं।
पशुपति को राज्यपाल और प्रिंस को मंत्री बनाने का प्रस्ताव दिया गया है। चिराग पासवान ने दिल्ली आकर बुधवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि नड्डा के साथ उनकी बातचीत बिहार में सीट बंटवारे को लेकर हुई है। इसे अंतिम रूप दिया गया है। उचित समय आने पर इसकी सूचना दी जाएगी। चिराग पासवान ने मीडिया से बातचीत के दौरान अपने चाचा पशुपति पारस पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन भाजपा के साथ पहले से है। लोकसभा चुनाव को लेकर सीटों का बंटवारा हो चुका है। गठबंधन का स्वरूप पूरी तरह से तैयार हो गया है। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास आने वाले दिनों में इस लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी कि बिहार की 40 सीटें एनडीए गठबंधन जीते। पशुपति पारस के एनडीए में शामिल होने को लेकर सवाल किया गया तो चिराग ने कहा कि उन्हें पता नहीं कि वे एनडीए में हैं या नहीं। उनके पास किसी के कोटे की सीटें नहीं है। पशुपति पारस गुट को लोकसभा की कोई सीट नहीं दिए जाने से साफ हो गया है कि हाजीपुर लोकसभा सीट चिराग पासवान को मिली है। यहां से राम विलास पासवान 1977 से 2019 तक कई बार सांसद चुने गए थे। 2019 के चुनाव में हाजीपुर से पशुपति पारस चुनाव लड़े थे और जीत दर्ज की थी।

### दिल्ली की 7 सीटों पर 6 नए चेहरे

भाजपा ने दिल्ली की बची 2 सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया है। पूर्वी दिल्ली से पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर की जगह हर्ष मल्होत्रा को और उत्तर पश्चिम दिल्ली से सिंगर हंस राज हंस की जगह योगेंद्र चंदोलिया को टिकट दिया गया है।इससे पहले 2 मार्च को पहली लिस्ट में 5 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया था। इनमें से 4 नए चेहरे थे। सिर्फ भोजपुरी सिंह मनोज तिवारी की टिकट ही रिपीट की गई। 2019 और 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली की सभी 7 सीटें जीती थीं।

### महाराष्ट्र की 48 में से 20 सीटों का ऐलान

भाजपा की दूसरी सूची में राज्य की 48 में से 20 सीटों पर कैंडिडेट्स का ऐलान किया गया है। पार्टी ने पहली सूची में महाराष्ट्र की एक भी सीट से उम्मीदवार घोषित नहीं किया था। आज जारी सूची में बीड सीट से प्रीतम मुंडे की जगह पंकजा मुंडे, नागपुर से नितिन गडकरी, रावेर से रक्षा खडसे, पुणे से मुरलीधर मोहोल को उम्मीदवार बनाया गया है। पीयूष गोयल मुंबई नॉर्थ से चुनाव लड़ेंगे।

## संक्षिप्त खबर

### स्वयंभू सेना के प्रमुख समेत यूएनएलएफ के दो सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली,13 मार्च 2024 (ए)।** मणिपुर में पुलिस, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने एक संयुक्त अभियान में यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) (पी) के दो अहम सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित संगठन के स्वयंभू सेना प्रमुख थोकचोम थोइबा और यूएनएलएफ (पी) से जुड़े लेफ्टिनेंट कर्नल लाइमायुम इंगबा को संयुक्त अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

# मुख्तार अंसारी को मिली उम्रकैद की सजा

### 2 लाख का जुर्माना भी

**वाराणसी,13 मार्च 2024 (ए)।** बांदा जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे अंतरराज्यीय गिरोह (आईएस-191) के सरगना और माफिया मुख्तार अंसारी को 33 वर्ष 3 महीने 9 दिन पुराने गाजीपुर के फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। मामले में उस पर दो लाख दो हजार का जुर्माना लगा है। माफिया मुख्तार की सजा को लेकर 54 पेज का फैसला आया है। फैसले के दौरान सफेद टोपी और सदरी पहने मुख्तार मुंह लटकाए वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बांदा जेल से पेश हुआ। बांदा जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा अंतरराज्यीय गिरोह (आईएस-191) का सरगना और माफिया मुख्तार को आठवीं बार सजा हुई है।

### ये हुई सजा

आईपीसी 467/120 बी में उम्रकैद व एक लाख जुर्माना।



420/120 बी में 7 वर्ष सजा व 50 हजार जुर्माना।
468/120 बी में 7 वर्ष की सजा व 50 हजार जुर्माना।
आर्म्स एक्ट में 6 माह सजा व दो हजार जुर्माना।

### वीसी के जरिये हुए पेश

विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) अवनीश गौतम की अदालत ने बुधवार को मुख्तार अंसारी को सजा सुनाई। इस दौरान मुख्तार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया। इसी अदालत ने ही 5 जून 2023 को अवधेश राय हत्याकांड में मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। मुख्तार को अब तक सात मामलों में सजा मिल चुकी है। आठवें मामले में दोषी करार दिया गया है।

### दस्तावेज में कलेक्टर-एसपी के फर्जी हस्ताक्षर

अभियोजन पक्ष के अनुसार, मुख्तार अंसारी ने 10 जून 1987 को दोनाली बंदूक के लाइसेंस के लिए गाजीपुर के जिलाधिकारी के यहां प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप था कि गाजीपुर के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के फर्जी हस्ताक्षर से संस्तुति प्राप्त कर उसने शस्त्र लाइसेंस प्राप्त किया था। फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद सीबीसीआईडी ने 4 दिसंबर 1990 को गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में मुख्तार अंसारी, तत्कालीन डिप्टी कलेक्टर समेत पांच नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जांच के बाद तत्कालीन आयुध लिपिक गौरीशंकर श्रीवास्तव और मुख्तार अंसारी के विरुद्ध 1997 में आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया गया था। सुनवाई के दौरान गौरीशंकर श्रीवास्तव की मृत्यु हो जाने के कारण उसके विरुद्ध 18 अगस्त 2021 को मुकदमा समाप्त कर दिया गया। अदालत में अभियोजन की ओर से एडीजीसी विनय कुमार सिंह और अभियोजन अधिकारी उदय राज शुक्ला ने पक्ष रखा।

# ईडी ने किया 5 करोड़ का गोल्ड और कैश जब्त

**गुरुग्राम,13 मार्च 2024 (ए)।** साइबर ठग आशीष कक्कड़ को ईडी ने मनी लांड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया है। आशीष को गुरुग्राम के होटल हॉलीडे इन से गिरफ्तार किया गया। ईडी की छापेमारी में 5 करोड़ से ज्यादा का सोना, 75 लाख कैश, महंगी घड़ियां और लग्जरी गाडियां बरामद हुई हैं। गिरफ्तारी के बाद ईडी ने आशीष कक्कड़ को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने ईडी को कक्कड़ की दस दिन की रिमांड दी है।



इन दस दिनों में ईडी आशीष से साइबर ठगी से जुड़े राज उगलवाएगी। साइबर जालसाज आशीष दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके का रहने वाला है। आशीष कक्कड़ एक सिंडिकेट का सरगना है जो गैर कानूनी तरीके से आय, लेयरिंग और करोड़ों रुपये की हेराफेरी में शामिल है। 2020 से 2024 तक आशीष ने भारत में चल रहे विभिन्न साइबर अपराधों और ऑनलाइन गेमिंग से 4978 करोड़ रुपये कमाए।

# चुनावी बांड को लेकर एसबीआई ने किया बड़ा खुलासा

### एसबीआई ने हलफनामे में कहा

**नई दिल्ली,13 मार्च 2024 (ए)।** एसबीआई (भारतीय स्टेट बैंक) ने लोकसभा चुनाव से पहले आज बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि इस साल एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी के बीच राजनीतिक दलों ने कुल 22,217 चुनावी बांड खरीदे और 22,030 बांड भुनाए।
शीर्ष अदालत में दायर एक अनुपालन हलफनामे में एसबीआई ने कहा कि अदालत के निर्देश के अनुसार, उसने 12 मार्च को व्यावसायिक समय बंद होने से पहले भारत के चुनाव आयोग को चुनावी बांड का विवरण उपलब्ध करा दिया है। इसमें कहा गया है कि प्रत्येक बांड की खरीद की तारीख, खरीदार के नाम और खरीदे गए बांड के




मूल्यवर्ग सहित विवरण प्रस्तुत किए गए हैं। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा द्वारा दायर हलफनामे में कहा गया है कि बैंक ने चुनाव आयोग को चुनावी बांड के नकदीकरण की तारीख, योगदान प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम और बांड के मूल्यवर्ग जैसे विवरण भी दिए हैं।

### एससी ने मांगा था विवरण

15 फरवरी को दिए गए एक ऐतिहासिक फैसले में, पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र की चुनावी बांड योजना को रद्द कर दिया था, जिसने गुमनाम राजनीतिक फंडिंग की अनुमति दी थी, इसे असंवैधानिक कहा था और चुनाव आयोग को दानदाताओं, उनके द्वारा दान की गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का खुलासा करने का आदेश दिया था। योजना को बंद करने का आदेश देते हुए शीर्ष अदालत ने योजना के तहत अधिकृत वित्तीय संस्थान एसबीआई को 12 अप्रैल, 2019 से अब तक खरीदे गए बांड का विवरण 6 मार्च तक चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था।

## पहली बार कोर्ट में पेश हुआ अतीक का दूसरा बेटा

**प्रयागराज,13 मार्च 2024 (ए)।** माफिया अतीक अहमद दूसरे बेटे अली को आज हत्या के एक मामले में कोर्ट में पेश किया गया। भारी सुरक्षा के बीच नैनी जेल से उसे कचहरी पहुंचाया गया। सुनवाई के बाद न्यायाधिकारी में 21 मार्च की तिथि निर्धारित कर दी।माफिया अतीक अहमद के दूसरे बेटे अली को जिला कोर्ट में पेश किया गया। उसे कड़ी सुरक्षा के बीच एसीजेएम 07 कोर्ट में पेशी कराई गई। हत्या, आर्म्स एक्ट, जानलेवा हमला और धोखाधड़ी के तीन मुकदमों पेशी कराई गई।इन मुकदमों में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। कोर्ट ने अली अहमद को डिस्चार्ज अप्लीकेशन दाखिल करने की मोहलत दी। मामले की अगली सुनवाई, 21 मार्च को होगी।

# व्हाट्सएप पर अंगूठे वाले इमोजी के इस्तेमाल पर हाईकोर्ट का अहम फैसला

**नई दिल्ली,13 मार्च 2024 (ए)।** क्या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर साझा किए गए किसी पोस्ट पर थम्स अप इमोजी लगाना मुश्किलें पैदा कर सकता है। इस पर हाल ही में मद्रास हाई कोर्ट ने अहम फैसला दिया है। कोर्ट ने कहा है कि किसी भी पोस्ट पर थम्स अप इमोजी लगाना उस पोस्ट का समर्थन करना नहीं माना जा सकता है, बल्कि उसे सिर्फ उस सूचना की जानकारी मिलने की पुष्टि करने के तौर पर लिया जा सकता है। जस्टिस डी कृष्णकुमार और जस्टिस आर विजयकुमार की खंडपीठ



ने कहा कि थम्स अप (अंगूठे वाले) इमोजी को ओके शब्द के विकल्प के रूप में माना जा सकता है, न कि हत्या के जश्न के रूप में उसे समझा जा सकता है। खंडपीठ ने इसके साथ ही रेलवे सुरक्षा बल के उस कॉन्स्टेबल को फिर से पद पर बहाल करने का आदेश दिया है, जिसे पद से हटा दिया गया था। इससे पहले सिंगल बेंच ने भी मेघालय में एक वरिष्ठ अधिकारी की हत्या से संबंधित व्हाट्सएप मैसेज पर थम्स अप इमोजी पोस्ट करने के आरोप में नौकरी से हटाए गए कॉन्स्टेबल को फिर से पद पर बहाल करने का आदेश दिया था। महानिदेशक रेलवे सुरक्षा बल बनाम नरेंद्र चौहान के मामले में सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने कहा, मर्डर से जुड़े किसी भी पोस्ट पर थम्स अप इमोजी को किसी भी हाल में क्रूर हत्या का जश्न मनाने के तौर पर नहीं माना जा सकता है।

# चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर 15 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली,13 मार्च 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले चुनाव आयुक्त के पद से इस्तीफा देने के बाद विपक्ष ने मोदी सरकार की आलोचना की। अब कांग्रेस ने नए आयुक्त की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। कोर्ट ने इस पर सुनवाई की इजाजत दे दी है और 15 मार्च की तारीख तय कर दी।
चुनाव आयोग में अभी दो आयुक्त पद खाली हैं। इन पदों को भरने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 15 मार्च को बैठक होगी। याचिका में कहा गया है कि यह नियुक्ति नये कानून के तहत नहीं की जानी चाहिए। आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफा देने के बाद सोमवार को याचिका दायर की गई थी। याचिका



में मांग की गई है कि केंद्र सरकार को नए कानून चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 के तहत चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की अनुमति नहीं देनी चाहिए।सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का फैसला किया है। यह याचिका कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने दायर की थी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार चुनाव आयोग के एकमात्र सदस्य बने हुए हैं। इससे पहले अनूप पांडे फरवरी में चुनाव आयुक्त के पद से रिटायर हुए थे।

### क्या है नया कानून?

नए कानून के मुताबिक, प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और एक केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता वाली मुख्य चयन समिति को चुनाव आयोग के आयुक्तों का चयन करने का अधिकार दिया गया है। समिति इन आयुक्तों के नामों की सिफारिश राष्ट्रपति को करती है। नए कानून के मुताबिक, आयुक्त का वेतन कैबिनेट सचिव के बराबर कर दिया गया है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त या चुनाव आयुक्त द्वारा लिए गए निर्णयों के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती है। केवल इन फैसलों को अदालत में चुनौती दी जा सकती है।

# ममता बनर्जी ने अपने भाई को ही बताया अपना दुश्मन

» ममता बनर्जी ने साधा भाई बाबुन पर निशाना

» बोलीं- मैं उनके साथ सारे रिश्ते खत्म करती हूं...

**कोलकाता,13 मार्च 2024 (ए)।** टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के छोटे भाई बाबुन बनर्जी ने बुधवार को पार्टी द्वारा पश्चिम बंगाल की हावड़ा लोकसभा सीट से प्रसून बनर्जी को फिर से उम्मीदवार बनाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। हालाँकि, बबुन बनर्जी, जो इस समय नई दिल्ली में हैं, ने उन अटकलों से इनकार किया कि वह भाजपा में जा सकते हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि वह हावड़ा सीट से निर्दलीय के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने पर विचार कर रहे हैं।



### प्रसून बनर्जी नहीं हैं सही विकल्प- बाबुन बनर्जी

उन्होंने कहा, मैं हावड़ा लोकसभा सीट से उम्मीदवार के चयन से खुश नहीं हूं। प्रसून बनर्जी सही विकल्प नहीं हैं। कई सक्षम उम्मीदवार थे जिन्हें नजरअंदाज कर दिया गया।

उन्होंने कहा, प्रसून ने मेरा जो अपमान किया, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। पूर्व फुटबॉलर, प्रसून बनर्जी, हावड़ा सीट से टीएमसी के दो बार के लोकसभा सांसद हैं।
ममता बनर्जी के छोटे भाई-बहनों में से एक बनर्जी ने कहा कि वह हावड़ा के पंजीकृत मतदाता हैं।

हावड़ा लोकसभा सीट से मैं लड़ सकता हूं निर्दलीय चुनाव- बाबुन
उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि दीदी (ममता बनर्जी) मुझसे सहमत नहीं होंगी। लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो मैं हावड़ा लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा।
उन अटकलों के बारे में पूछे जाने पर कि वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं, उन्होंने नकारात्मक जवाब दिया।
उन्होंने कहा, जब तक ममता दी हैं, मैं कभी पार्टी नहीं छोड़ूंगा और न ही किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होऊंगा। हां, मैं खेल से जुड़ा हूं, मैं कई भाजपा नेताओं को जानता हूं, जो खेल से भी जुड़े हुए हैं।

### ममता बनर्जी ने भाई बाबुन पर साधा निशाना

पश्चिम बंगाल की हावड़ा लोकसभा सीट से पार्टी द्वारा प्रसून बनर्जी को फिर से उम्मीदवार बनाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करने के बाद टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बुधवार को अपने छोटे भाई बाबुन बनर्जी पर निशाना साधा।




# नकली कैंसर की दवा का हुआ भंडाफोड़

**नई दिल्ली,13 मार्च 2024 (ए)।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़े नकली ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस रैकेट में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से दो आरोपी दिल्ली के एक बड़े कैंसर अस्पताल के कर्मचारी हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल नौ ब्रांड की नकली कैंसर दवाएं बरामद की हैं। इनमें से सात दवाएं विदेशी ब्रांड की हैं जबकि दो भारत की नकली दवाएं हैं।पुलिस के मुताबिक आरोपी अस्पताल के मरीजों से कीमोथेरेपी में इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन की खाली बोतलें इकट्ठा करते थे, फिर बोतलों में एंटीफंगल दवा भरकर बेच देते थे। आरोपी दिल्ली के बाहर खासकर हरियाणा, बिहार, नेपाल या अफ्रीकी देशों से आने वाले मरीजों को अपने जाल में फंसाते थे।

## संपादकीय

### संदेह की हैं वजहें

अनुमान लगाया जा सकता है कि नए निर्वाचन आयुक्तों को लेकर कई तरह के कयास लगाए जाएंगे। कुल नतीजा निर्वाचन आयोग की साख में और क्षरण के रूप में सामने आएगा। जब देश आम चुनाव के मुहाने पर है, तब ऐसा माहौल सिरे से अवांछित है।जिन हालात में निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दिया, उससे शक पैदा होने की ठोस वजहें हैं। जिस फुर्ती से उनके इस्तीफे को स्वीकार किया गया, उससे अटकलों को और बल मिला है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली समिति की बैठक पहले से बुला रखी है। अब इसमें संभवत~ दो आयुक्तों की नियुक्ति का फैसला होगा। इस समिति का गठन हाल ही में पारित कानून के तहत किया गया है। इस कानून के जरिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से स्थापित की गई नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया।अगर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक चयन समिति बनती, तो उसमें प्रधानमंत्री के अलावा भारत के प्रधान न्यायाधीश और लोकसभा में सबसे बड़े दल के नेता शामिल होते। लेकिन अब इसमें प्रधान न्यायाधीश की जगह प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त उनकी ही सरकार के एक मंत्री होंगे। इस तरह इसी हफ्ते निर्वाचन आयुक्त के खाली पदों पर सत्ता पक्ष की मर्जी से दो नियुक्तियां हो जाएंगी। खबरों में बताया गया है कि गोयल के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार से कुछ मुद्दों पर मतभेद उभर गए थे। मगर मतभेदों के कारण नौकरशाही के बड़े स्तरों पर इस्तीफे होते हों, यह सामान्य नहीं है।खासकर यह देखते हुए गोयल वही शख्स हैं, जिन्हें नवंबर 2022 में केंद्रीय उद्योग विभाग के सचिव पद से स्वैच्छिक अवकाश ग्रहण करने के एक दिन बाद ही निर्वाचन आयुक्त बना दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस नियुक्ति पर सख्त टिप्पणियां की थीं। तब यही कहा गया था कि सरकार ने अपने एक विश्वस्त व्यक्ति को आयोग में रखने के लिए मर्यादाओं का उल्लंघन किया है।

# भाजपा और कांग्रेस गठबंधन का अंतर

लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों गठबंधन बना रहे हैं। दोनों का फर्क यह है कि भाजपा का गठबंधन उसकी शर्तों पर हो रहा है, जबकि कांग्रेस सहयोगी पार्टियों की शर्तों पर गठबंधन कर रही है। यह दोनों पार्टियों की राजनीतिक स्थिति का फर्क भी बताता है। एक तरफ 10 साल से सत्ता में रह कर बेहिसाब शक्ति और संपदा इकट्ठा करने वाली भाजपा है तो दूसरी ओर राजनीति के बियाबान में भटक रही कांग्रेस है, जो 10 साल से सत्ता से बाहर है, राज्यों में कई जगह जीती हुई सरकारें गंवा चुकी है और ज्यादातर नेता केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं।तभी ऐसा लग रहा है कि वह कहीं भी गठबंधन करने के लिए अपनी शर्तें आरोपित करने की स्थिति में नहीं है। पिछले साल के अंत में हुए राज्यों के चुनाव में खराब प्रदर्शन ने कांग्रेस की मोलभाव करने की क्षमता को और कम कर दिया। अब स्थिति यह है कि वह महाराष्ट्र में दूसरे नंबर की पार्टी के तौर पर लड़ेगी तो पश्चिम बंगाल में सभी सीटों पर उम्मीदवारों की ममता बनर्जी की एकतरफा घोषणा के बावजूद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे कह रहे हैं कि अब भी तालमेल हो सकता है। कांग्रेस को आम आदमी पार्टी के साथ तालमेल में कई जगह समझौता करना पड़ा है। उसके नेता मजबूरी बताते हुए कह रहे हैं कि कैसे गुजरात में भरूच की अहमद पटेल की सीट आप के लिए छोड़नी पड़ी। लोकसभा सीटों के समझौते के नाम पर झारखंड में जेएमएम ने राज्यसभा की कांग्रेस की सीट हथिया ली है।बहरहाल, कांग्रेस की कमजोरियां अपनी जगह हैं और सत्ता से बाहर होने के अलावा भी उसके कई कारण हैं। उसके बरक्स भाजपा सभी नए और पुराने सहयोगी दलों के साथ अपनी शर्तों पर समझौता कर रही है। भाजपा ने 38 पार्टियों का गठबंधन बनाया है लेकिन यह सुनिश्चित किया है कि पिछले एनडीए की छाया इस पर नहीं रहे। यह नया एनडीए है, जिसमें सब कुछ भाजपा के हिसाब से हो रहा है। बिहार एकमात्र अपवाद है, जहां भाजपा को मशक्कत करनी पड़ रही है। लेकिन उसके भी ऐतिहासिक कारण हैं। बिहार में भाजपा कभी भी मजबूत ताकत नहीं रही है। तभी उसे हमेशा नीतीश कुमार के सहारे की जरुरत पड़ती है। जब वह 2014 में अकेले लड़ी थी तब भी उसे रामविलास पासवान और उपेंद्र कुशवाहा के सहारे की जरुरत थी। 2019 से पहले भाजपा ने प्रयास करके नीतीश की एनडीए में वापसी कराई थी और जब वे 2022 में फिर साथ छोड़ कर चले गए थे तो तमाम नाराजगी के बावजूद 2024 में फिर उनकी वापसी कराई गई है। लेकिन इस बार मामला थोड़ा उलझा हुआ है। भाजपा पुराने सहयोगियों को भी साथ में रखना चाहती है तभी सीटों की संख्या का पेंच उलझ गया है। नीतीश अपने हिस्से की सीटें नहीं छोड़ रहे हैं तो चिराग पासवान, पशुपति पारस, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी भी अपनी अपनी मांग पर अड़े हैं। सो, देश के बाकी राज्यों के मुकाबले भाजपा के लिए बिहार थोड़ा



मुश्किल दिख रहा है फिर भी भाजपा सारे विवाद सुलझाने में जुटी है।इसके मुकाबले देश के लगभग सभी राज्यों में भाजपा अपने हिसाब से समझौता कर रही है। यहां तक कि ओडिशा जैसे राज्य में, उसने सत्तारूढ़ बीजू जनता दल को इस बात के लिए तैयार किया है कि वह भाजपा के लिए अपनी जीती हुई लोकसभा सीटें छोड़े। यह आमतौर पर नहीं होता है। ध्यान रहे भाजपा का पूरा फोकस इस समय लोकसभा चुनाव पर है। वह विधानसभा चुनाव पर ज्यादा ध्यान नहीं दे रही है।उसे केंद्र में तीसरी बार सरकार बनानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए चार सौ सीटों का लक्ष्य रखा है। पिछली बार ओडिशा में भाजपा को छप्पर फाड़ सीटें मिली थीं। वह 21 में से आठ सीट जीतने में कामयाब रही थी। इस बार अपनी सीटें बढ़ाने के लिए वह 15 साल बाद बीजू जनता दल की एनडीए में वापसी करा रही है और उसको इस बात के लिए तैयार किया है कि वह अपनी जीती हुई पांच सीटें छोड़ें ताकि भाजपा 14 सीटों पर लड़े। बीजद की पांच जीती हुई सीटें लेने के बावजूद भाजपा उसे लोकसभा में एकतरफा बढ़त नहीं देना चाहती है। तभी वह 15 साल पुराने फॉर्मूले के आधार पर विधानसभा सीटों का बंटवारा चाहती है।छह साल बाद टीडीपी की भी एनडीए में वापसी हो रही है और उसके साथ गठबंधन में भाजपा आंध्र प्रदेश की छह लोकसभा सीटों पर लड़ेगी। सोचें, पिछले चुनाव में भाजपा को एक फीसदी वोट नहीं मिला था, जबकि टीडीपी ने 39 फीसदी वोट हासिल किए थे। फिर भी टीडीपी और जन सेना पार्टी के साथ तालमेल में भाजपा छह सीटें लड़ेगी। महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में तो भाजपा का समझौता इस बात की मिसाल है कि कैसे बड़ी और ताकतवर पार्टी अपने हिसाब से गठबंधन को संचालित करती है।पिछले चुनाव में शिव सेना के साथ तालमेल में भाजपा 25 सीटों पर लड़ी थी लेकिन इस बार दो सहयोगी होने के बावजूद वह 30 सीटों पर लडने की तैयारी कर रही है। असली शिव सेना और असली एनसीपी के लिए वह सिर्फ 18 सीटें छोडना चाहती है। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने अपना दल के अलावा राष्ट्रीय लोकदल और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को भी अपने गठबंधन में शामिल किया है लेकिन अपनी शर्तों पर। जयंत चौधरी की पार्टी रालोद को समाजवादी पार्टी ने लोकसभा की सात सीटें दी थीं लेकिन वे भाजपा के साथ सिर्फ दो सीटों पर लडने को तैयार हो गए। चार पार्टियों के साथ तालमेल के बावजूद उत्तर प्रदेश में भाजपा 74 सीटों पर लडने वाली है।ऐसा नहीं है कि भाजपा ने सिर्फ सीटों के बंटवारे में अपनी मर्जी चलाई है और सहयोगियों को कम सीटों पर लडने के लिए तैयार किया है। भाजपा ने वैचारिक मुद्दों और राजनीतिक एजेंडे पर भी सहयोगी पार्टियों को अपने साथ लिया है। हालांकि इस मामले में भी बिहार अपवाद है, जहां भाजपा को जनता दल यू की लाइन पर चल कर जाति गणना और आरक्षण बढ़ाने के मुद्दे का समर्थन करना पड़ रहा है। बाकी राज्यों में भाजपा ने जाति गणना और आरक्षण के मुद्दों को हाशिए में डाला है। हिंदुत्व के एजेंडे से दूरी दिखाने वाली पार्टियां और नेता भी भाजपा के हिंदुत्व व राष्ट्रवाद के एजेंडे को स्वीकार करके गठबंधन में शामिल हुए हैं।यहां तक कि किसानों के मुद्दे पर भी जयंत चौधरी सरकार का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि किसानों के खिलाफ बही खड़े हो गए हैं। हैरानी नहीं होगी अगर इस मुद्दे के बावजूद अकाली दल का भी भाजपा से तालमेल हो। सवाल है कि प्रादेशिक पार्टियां क्यों अपनी राजनीतिक और वैचारिक जमीन छोड़ कर या उसके साथ समझौता करके भाजपा के साथ गठबंधन कर रही हैं? यह मामूली सवाल नहीं है। इसका सरल जवाब तो यह है कि सत्ता की दिवानगी में पार्टियां हर तरह के समझौते कर रही हैं। लेकिन इसके साथ साथ मौजूदा लोकतांत्रिक व्यवस्था में जाति, धर्म और व्यापक रूप से सामाजिक व्यवस्था की अंतरक्रिया को समझने की भी जरुरत है।

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# गारंटी चाहिए

आजकल अचानक..गारंटी.. शब्द ज्यादा प्रचलित हो गया है, शायद राजनीति में सफलता प्राप्त करने के लिए इसका प्रयोग करना अनिवार्य हो गया है। यूं तो और राजनीतिक दल भी मतदाताओं को लुभाने के लिए बढ़ चढ़ कर जगारंटी देने लगे हैं। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री, मोदी जी जनसभाओं में अपने लच्छेदार भाषणों में...यह मोदी की गारंटी है...कहना नहीं भूलते। मोदी जी कभी किसी बात की गारंटी देते हैं और कभी किसी बात की गारंटी देते हैं। 10 साल तक सत्ता सुख भोगने के बाद मोदी जी इस गारंटी शब्द के सहारे तीसरी बार भी सत्ता सीन होने की उम्मीद कर रहे हैं।

पहले समय में जब हम मार्केट में कोई चीज खरीदने जाते थे तो दुकानदार उसकी गारंटी देता था। जिस तरह से हमने बाजार से वाशिंग मशीन ली। दुकानदार उसकी 1 साल या 2 साल की गारंटी देता था कि अगर इसमें कोई खराबी निकल आती है तो बिना पैसा पाई लिए हम इसकी मरम्मत करा देंगे आदि आदि। किसी दुकान से कपड़ा लेने जाते थे तो कपड़े वाला दुकानदार इस बात की गारंटी देता था कि यह कपड़ा श्रिंक नहीं होगा और इसका रंग भी नहीं उतरेगा अगर श्रिंक होता है या फिर रंग इसका उतर जाता है तो दुकानदार उसे बदलने की गारंटी देता था। अब हमारे राजनेता लोग संसदीय चुनाव से पहले गारंटी देने लगे हैं। कोई राजनीतिक नेता अपने दल की तरफ से गारंटी देता है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन कर दिया जाएगा, कोई किसानों का कर्ज माफ करने की गारंटी देता है, कोई महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता बढ़ाने की गारंटी देता है, कोई गरीबी दूर करने की गारंटी देता है। सभी राजनीतिक दलों का गारंटी देने का उद्देश्य मतदाताओं को अपने जाल में फंसा कर वोट हासिल करना मात्र है। यूं तो सारे गारंटी दे रहे हैं। लेकिन सवाल यह पैदा होता है कि इस गारंटी के पूरा होने की गारंटी कौन देगा। चुनाव जीतने के बाद तो यह कह दिया जाएगा.. यह एक चुनावी जुमला था ..। लेकिन साहब ! जरा यह तो सोचिए कि मतदाताओं ने राजनेताओं की गारंटी पर विश्वास करके वोट दिया था उनके मन पर क्या बीतेगी? जबसे देश आजाद हुआ है विभिन्न राजनीतिक सत्तासीन दल लोगों की समस्याओं को हल करने की गारंटी ही तो देते रहे हैं। अब जब जनता को विभिन्न मामलों पर गारंटी दी जा रही है, कैसे विश्वास किया जाए कि अबकी बार वह गारंटी जरूर पूरी । होगी। चुनावों से पहले सभी राजनीतिक दल अपने- अपने चुनावी घोषणा पत्र जारी करते हैं। यह चुनावी घोषणा पत्र एक प्रकार का आश्वासन या गारंटी होती है कि अगर अमुक दल सत्ता सीन होता है तो वह घोषणा में कही गई बातों को जरूर पूरा करेगा। अगर ऐसा होता तो देश में गरीबी, बेरोजगारी, कीमतों में वृद्धि, पीने के पानी की समस्या, पिछड़ापन, किसानों की आमदनी दुगनी करना, किसाने की फसलों के लिए एम एस पी लागू करना आदि समस्याएं हल हो जाती।




इन समस्याओं से संबंधित जनता उपर्युक्त गारंटी के पूरा होने की उम्मीद कर रही है। प्रधानमंत्री समेत सभी राजनीतिक दल फिर भी गारंटी पर गारंटी दे रहे हैं, कितनी अजीब बात है।

चलो, राजनीतिक गारंटी की बात छोड़िए। अन्य प्रकार की गारंटीयों की बात करते हैं। लड़के और लड़की का विवाह होने लगता है। विवाह से पहले वर और वधु के परिवार वाले अपने बच्चों की हर प्रकार की गारंटी देते हैं। लेकिन कई बार विवाह के समय लड़की अपने प्रेमी के साथ चुपचाप वहां से भाग जाती है या फिर लड़के वाले विवाह की रस्में पूरी होने से पहले ही दहेज की मांग करने लग जाते हैं। या फिर प्रेम विवाह करने वाले लड़के और लड़कियां हनीमून पर जाने पर ही आपस में इस तरह से लड़ भिड़कर आते हैं कि मामला तलाक तक पहुंच जाता है। पूछा जा सकता है कि विवाह से पहले लड़के और लड़की की खूबियां बताने वाली गारंटी कहां गई। विवाह के समय पति और पत्नी सात सात जन्म इकट्ठे रहने शपथ लेते हैं अर्थात गारंटी देते हैं लेकिन उनकी सारी जिंदगी एक दूसरे के साथ लड़ाई झगड़ा, मारपीट, एक दूसरे की अवज्ञा तथा अपमान और किसी तीसरे में दिलचस्पी के साथ नरक बनकर बीतती है। पूछा जा सकता है कि विवाह शादी के समय एक दूसरे के साथ किए गए वायदों तथा आश्वासन की गारंटी कहां गई?

हमारे समाज में पुत्र प्राप्त करना परलोक सुधारने के लिए एक आवश्यकता समझी जाती है। यह कहा जाता है कि जिनके पुत्र अपने माता-पिता की चिता को अग्नि नहीं देता उनको सद्गति प्राप्त नहीं होती। पुत्र प्राप्त करने के लिए मां बाप व्रत रखते हैं, तीर्थ स्थान पर जाते हैं, दान पुण्य करते हैं। कुछ मामलों में पुत्र प्राप्ति भी हो जाता है लेकिन पुत्र बड़ा होकर मां बाप की सेवा नहीं करता, गलत रास्ते पर चला जाता है या विदेश में जाकर बस जाता है। माता-पिता की मृत्यु के समय उन्हें मुखाग्नि कोई और देता है। माता-पिता का श्राद्ध भी वह बेटा नहीं करता। ऐसी स्थिति में पुत्र के पैदा होने से लोक परलोक सुधारने की गारंटी का क्या हुआ।हमारे देश में बड़े-बड़े उद्योगपति और कॉरपोरेट बैंकों से भारी भरकम उधार लेते हैं ताकि अपने काम धंधे को बढ़ा सकें। यह भारी भरकम ऋष्टा उनको किसी न किसी गारंटी के आधार पर दिया जाता है। लेकिन कुछ कॉरपोरेट अपने व्यवसाय मैं दिवालियापन दिखाकर ऋष्टा वापस करने से बच जाते हैं और उनका ऋष्टा राइट ऑफ हो जाता है। कुछ बड़े-बड़े उद्योगपति सरकारी कर्जा वापस किए बिना विदेश में भाग जाते हैं और सरकार के प्रयत्नों के बावजूद भी उनका विदेशों से प्रत्यर्पण नहीं हो पाता। पूछा जा सकता है कि ऐसे लोगों ने भारी भरकम ऋष्टा लेते समय बैंक को जो गारंटी दी थी उसका क्या हुआ!

इसलिए मेरे प्यारे दोस्तों! आप इस गारंटी वारंटी के चक्कर में मत फसो। कोई भी मामला हो ठोक बजा कर देखो। किसी का कोई ऐतबार नहीं। गारंटी की तो बात छोड़ो, लोग तो कोर्ट में गीता और कुरान की झूठी कसम खाके भी सच नहीं बोलते और फिर गारंटी तो सिर्फ गारंटी है।



**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
रोहतक
हरियाणा

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## गीत

खुशी आवरण भले पहन लो, क्या
आँसू छुप जाते सारे।
जब नीरवता में मन रोता, बहते ये
ज्यों नद के धारे।।
आह छोड़ यह रोना धोना,कब तक
दुख का ताप सहेगी।
कब तक नैनों के कोरों से,दुख की
सरिता मूक बहेगी।।
देख तनिक दर्पण में खुद को,भीगे
हैं क्यों नैना प्यारे।
खुशी आवरण भले पहन लो, क्या
छुप सकते आँसू सारे।।
कर आवाज बुलंद जरा अब,
दबा- दबा सा यह स्वर क्यों है।
हृदय अंकुरण कर आशा का नीरव
सा मन का घर क्यों है।।
पात्र नहीं जो प्रेम सुधा का, क्यों
उस पर तू जीवन वारे।
खुशी आवरण भले पहन लो, क्या
आँसू छुप सकते सारे।
शक्ति स्वरूपा तू है नारी, कठपुतली
बनकर मत रहना।
कर अभिव्यक्त सभी दुख अपने,
शोषण की पीड़ा मत सहना।।
कर प्रतिकार गलत का ऐसे,गूंज
उठे संसद में नारे।
खुशी आवरण भले पहन लो, क्या
आँसू छुप सकते सारे।।
माटी का तू ढेर नहीं है, जो बरखा
से यूँ घुल जाए।
कुरुक्षेत्र बन जाए वसुधा,जो तेरा
यह मुख खुल जाए।।
भरी सभा में बहा रही क्यों, मोती
जैसे आँसू खारे।
खुशी आवरण भले पहन लो, क्या
आँसू छुप सकते सारे।।
कैद कर दिए क्यों सब सपने, तूने
मन की अलमारी में।
पंख मिले हैं जब उड़ने को ,क्यों
जीती है लाचारी में।।
देख समझ अपनी ताकत को, सारे
गुण तेरे हैं न्यारे।
खुशी आवरण भले पहन लो,क्या
आँसू छुप सकते सारे।।



**प्रीति चौधरी मनोरमा**
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## निर्झर सा बहता रहता हैं...

प्रेम में भौतिक विज्ञान के नियम
काम नही करते।
रसायन विज्ञान के सूत्र भी
कहाँ काम आते हैं ।
प्राणी विज्ञान की थ्योरी से कोई
वास्ता नही,
ना गणित के अंक इसे
पूर्ण कर पाते है ।
इतिहास की कहानियों से
कोई सराकोर नही,
अर्थशास्त्र से इसका
दूर तक नाता नही है ।
भूगोल के भूगोल से बिल्कुल परे हैं
समाजशास्त्र के समाज से
निरा अलग है ।
पाणिनी की संस्कृत में प्रेम कहाँ है
हिन्दी की व्याकरण में भी
प्रेम कहाँ सजा है ।
प्रेम तो बस आत्मा की अनुभूति है
जो कवि हृदय की
कविताओं में बस,
निर्झर सा बहता रहता है।



**गरिमा राकेश गर्विता**
कोटा,
राजस्थान

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## मां

मां ही जीवन दाता हैं,
मां ही अन्न दाता हैं!
मां ही पहली शिक्षक हैं,
मां ही सर्वोपरी हैं!
मां घर की शान हैं,
मां ममता की धारा हैं!
मां की दी हुई ममता,
जीवन भर का खजाना हैं!
मां हमें संस्कार सिखाती हैं,
मां हमें मंजिल बताती हैं!
मां के बारे क्या लिखूं,
मां दुनिया में अनमोल हैं!



**कृष्णा चौहान**
अमेरी, तह.-
बरमकेला
सारंगढ़-बिलाईगढ़
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# अंचल के मधुबन धाम के मेले का शुभारम्भ

### रामवन गमन पथ परिक्षेत्र आस्था का केंद्र

मधुबन धाम का मेला राजिम छत्तीसगढ़ मेले के बाद शुरू होता है।यह मेला स्थल राजिम से 20



किलोमीटर दूर पूर्व दिशा में धमतरी जिला के ब्लॉक मगरलोड में स्थित है।यहाँ ऐसी मान्यता है कि भगवान राम लक्ष्मण 14 वर्ष बनवास के दौरान यहाँ से गुजरे थे।यहाँ भगवान श्री राम का मेले के दौरान कथा वाचन होता है।पूरे सप्ताह भर भगवान राम नाम का संकीर्तन और कथवाचन के साथ संत समागम भी होता है।

दूर-दराज के संत-महात्मा इस मेले में शामिल होते हैं।और यहाँ विराजित श्री राम-लक्ष्मण और माता सीता की अराधना स्तुति किया जाता है।इस मेले को कई एक दृष्टि से अत्यंत महत्व पूर्ण माना जाता है।यह मेला ऐतिहासिक ,धार्मिक , सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

ऐतिहासिक दृष्टि की बात कतें तो यह भगवान राम का वन-पथ गमन क्षेत्र है।जहाँ पर प्राचीन काल से यहाँ भगवान राम की मूर्ति विराजीत है। जो पूरे अंचल के लिए श्रद्धा भक्ति आस्था विश्वास का केंद्र है।धार्मिक दृष्टि की बात करें तो यह स्थल धर्म का केंद्र बना हुआ है जहाँ पर सभी धर्म समुदाय के लोग मेले में शामिल होते हैं और अपने आपको धन्य मानते हैं।इसी प्रकार यदि सांस्कृतिक महत्ता की बात करें तो यहाँ अपनी संस्कृति को सहेजने में अंचल के लोग अपनी रीति- रिवाज-परम्पराओं का सुंदर ढंग से निर्वहन करते दिखाई देते हैं।ऐसा भी माना जाता है की

इस मेले के माध्यम से अंचल के योग्य युवा-युवती अपने सगे-संबंधियों के साथ शिरकत करते हैं।और अपने मन पसंद वर-वधु का चुनाव भी करते हैं।इसके अलावा यहाँ यदा-कदा सामूहिक विवाह भी सम्पन्न होता है जो अपने आप में विशेष महत्व रखता है।सामाजिक दृष्टि की बात करें तो यहाँ पर सामाजिक सौहाद्र का विशेष माहौल देखने को मिलता है।

आसपास के लोग भारी संख्या में मेले में आते हैं।जिनमें आपसी भाईचारा समरसता की भावना होती है।जो हमारी राष्ट्रीय एकता को मजबूत करती है।और सबसे सुंदर विशेष बात तह भी है की यहाँ पर अनेक जातियों के लोगो द्वारा भव्य मंदिर निर्माण कराया गया है,जिनमें शनिदेव,हनुमान,राधा कृष्ण की मूर्तियाँ है जो हमारे लिए भक्ति और विश्वास का केंद्र है।जो सप्ताह भर-पूजा-अर्चना करते है, और यह श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र होता है।

इस प्रकार से यह कहा जा सकता है कि हमारे छत्तीसगढ़ का मेला आस्था और विश्वास का केंद्र रहा है।जो छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक,और पारम्परिक विरासत को संजो कर रखा हुआ है।



**अशोक पटेल आशु**
तुस्मा,
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# साइबर क्राइम करने वाले से डरें नहीं,सावधान रहें समझदारी दिखाए

शीर्षक से स्पष्ट होता है, कि आज लेखिका साइबर क्राइम से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण जानकारी देगी। जो सच्ची घटना पर आधारित है। आज की एक सच्ची घटना वाराणसी में रहने वाली छात्रा के साथ हुई है। छात्रा रहने वाली किसी और राज्य की है, पढ़ाई के सिलसिले में वो वाराणसी में रहती है। वो एक कमरा ली हुई थी जहाँ से उसका काँलेज पास में था वो हर दिन काँलेज जाती, पढ़ती और वापस आ जाती हैं। जो हर एक छात्र-छात्रा करते हैं। काँलेज में परीक्षा का फार्म भरना शुरू हो गया था तो फार्म का पैसा और कुछ जरूरी कागज़ात भी लेने के लिए, छात्रा अपने घर आई गई। छात्रा अपने माँ-बाप के प्यार-दुलारे में दो दिनों तक रूक गई। तभी अचानक दोपहर में एक काँल आता है और कहता है। आप ( छात्रा का नाम लेता है) बोल रही है। छात्रा बोलती है - जी। वो आदमी कहते हैं - मै आपके काँलेज के परीक्षा विभाग से बोल रहा हूँ। आप ने अभी तक काँलेज का फार्म नही डाला। आज ही आखिरी तारीख था। छात्रा बोलती है - सर अभी तो बहुत दिन बचे। इसलिए मैने फार्म नही डाला। वो आदमी कहता है - कहाँ रहती है, आप पढ़ने वाली छात्रा है जिसे ये तक नहीं पता कि आज परीक्षा का आखिरी तारीख है। छात्रा बोलती है - माँफी सर। सर मुझे नही पता था। सर क्या मै कल फार्म डाल सकती हुँ। आदमी कहता है - अजीब हो तुम,बोल रहे हैं। आज आखिरी तारीख है समझ में नही आ रहा है। कैसे-कैसे पढ़ने वाले बच्चे होते हैं। परीक्षा देना है ये तक याद नही रहता है। मत देना परीक्षा,रहना इस क्लास में। छात्रा रोती हुई बोलती है - सर मुझे नही पता था। सर कृपा करके मेरी मदद करें। मै क्या बोलूँगी अपने घर में प्लिज सर प्लिज। आदमी बोलता है - ठीक है रो



मत। मै कुछ करता हुं। आपके लिए किसी को बताना नही कि मैने तुम्हारी मदद की है। नहीं तो मेरी नौकरी पर बात आ जाएगी। छात्रा कहती है - सर विश्वास रखे, मै किसी को कुछ नही बताऊँगी। आदमी ने उस छात्रा से-उसका आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पासबुक, मार्कशीट, उसके माँ-बाप का आधार कार्ड और बोलता है कि इतने पैसे इस नबंर (....) पर भेज दो। छात्रा डरी हुई थी - उसने सब कुछ दे दिया और बोलती है सर और कुछ देना है। आदमी बोलता है - बस ओटीपी आएगा वो बता देना। छात्रा के पास ओटीपी आता है - वो सही सही ओटीपी दे देती हैं। छात्रा बोलती है - सर और कुछ भेजना है। आदमी बोलता है-नही! कुछ नहीं भेजना है। तुम्हारा फार्म भर दिए हम। काँलेज में आकर एडमिट कार्ड ले जाना। रोती हुई छात्रा चुप होती हैं और मुँह धोकर बाहर निकलती है। अपने माँ - बाप से बातचीत करती हैं। इसी तरह ये दिन बीत जाता है। अगले दिन वाराणसी जाती हैं। काँलेज जाकर बोलती है सर एडमिट कार्ड कब तक आएगा। वहाँ के प्रोफेसर बोलते हैं - पहले फार्म तो भराने दो, अभी पाँच दिनो के बाद से फार्म भराएगा है। देखो कब तक फार्म भराता है। पहले पीजी का परीक्षा होगा। उसके परीक्षा भराने का संभावना है। छात्रा आश्चर्य से कहती है - नही सर! परीक्षा फार्म भरा चूका है। मेरे पास परीक्षा विभाग से काँल आया था। देखिए मैने सब कुछ आँनलाइन भेजा है। प्रोफेसर देखते हैं और बोलते हैं ऐसा कैसे हो सकता है। परीक्षा विभाग तो कभी किसी के पास काँल नही जाता है। छात्रा प्रोफेसर के साथ परीक्षा विभाग जाती है - वहाँ के लोगों से बातचीत तो सभी ने कहा- सर इस काँलेज में लाखो बच्चे पढ़ते है तो क्या हम सब सभी काँल करके तो नहीं बोलते हैं। काँलेज आओ और फार्म डाला। और यह नबंर हमारा है भी नहीं। प्रोफेसर छात्रा से कहते हैं - काँल करो इस नबंर। बहुत बार काँल करने पर भी वो काँल नही उठाते है। सर ये धोखाधड़ी का केस है किसी ने इसके साथ साइबर क्राइम किया है। छात्रा को इस बात का पता भी नहीं था। उसने ओटीपी दे दिया था जिसके कारण उसका पूरा बैक खाली हो चूका। अब तो छात्रा - बहुत रोने लगी। सभी उसको समझा रहे थे कि आप तो पढ़ी-लिखी है फिर आपने किसी को काँल या मैसेज क्यो नही किया। आप पहले अपने काँलेज में पता करती ना। सभी ने छात्रा को बहुत समझाया और छात्रा के माता - पिता को बुलवाकर। छात्रा को उनके साथ भेजा गया और उन्हे साइबर क्राइम की सारी जानकारी दी गई। कोई कुछ कर नहीं सकता था इसलिए छात्रा को चुप कराया गया और उसके माता - पिता ने उसे अपने साथ अपने घर ले गए। आज का यह आप सभी छात्र-छात्रा के लिए, कि कभी भी कोई आपके काँलेज के नाम पर पैसे माँग रहा है तो सबसे पहले काँलेज जाकर पूछे। आज के समय में साइबर क्राइम बहुत ज्यादा देखने को मिल रहा है। तो सभी से निवेदन है कि डरे नही, घबराए नही, समझदारी के साथ बातों को समझे और उसको सुलझाए। और हमेशा याद रखे ट्राई मोबाइल नंबरों के सत्यापन/ डिस्कनेक्शन/ गैरकानूनी गतिविधियों की रिपोर्ट करने के लिए कभी भी कोई संदेश या कॉल नहीं भेजता है। ट्राई के नाम से आने वाले ऐसे मैसेज/कॉल से सावधान रहें।ट्राई से होने का दावा करने वाले किसी भी कॉल या संदेश को संभावित रूप से धोखाधड़ी माना जाना चाहिए और इसे राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (www.cyber-crime.gov.in) या साइबर अपराध हेल्पलाइन (1930) को सूचित किया जा सकता है।



**मुस्कान केशरी**
मुजफ्फरपुर बिहार

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

CMYK

# 3 करोड़ से अधिक के घाटे के बजट पर लगी मोहर,सामान्य सभा में किया जाएगा पेश

- सवाददाता -
अंबिकापुर,13 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 5 अरब 17 करोड़ 7 लाख 81 हजार आए तथा 5 अरब 20 करोड़ 36 लाख 18 हजार व्यय का बजट पेश किया जाएगा। इसके लिए बुधवार को एमआईसी की बैठक में मोहर लग गई है। अब इसे सामान्य सभा में पेश किया जाएगा। यह बजट 3 करोड़ से अधिक के घाटे का प्रस्तावित बजट है। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 99 करोड़ 84 लाख 26 हजार आय व 1 अरब 54 लाख 57 हजार व्यव का बजट पेश किया गया है। वहीं पिछले कई वर्षों से नगर निगम द्वारा घाटे का बजट पेश किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य एजेंडों पर भी एमआईसी में चर्चा की गई। पुष्पवाटिका के 15 प्रतिशत हिस्सों में व्यवसायिक उपयोग के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इससे निगम की आए बढ़ेगी। आएमआईसी सदस्य शफी अहमद ने कहा कि पिछले बैठक में भी इस विषय पर चर्चा की गई थी। इसके लिए विज्ञापन निकलवाकर टेंडर किया जाए और 15 प्रतिशत हिस्सा व्यवसायिक उपयोग के लिए दे दिया जाए। इससे निगम का आय भी बढ़ेगा। इस पर एमआईसी के सदस्यों ने सहमती दी है। वहीं इसके अलावा निगम क्षेत्र में समस्त जोन में डामकरीकृत सडक़ों का निर्माण, रिनीवल, संधारण, मरम्मत को लेकर भी चर्चा की गई। एमआईसी सदस्य शफी हमद ने मेयर इन काउंसिल की बैठक में कहा कि स्वच्छता को लेकर हम सभी अभी भी गंभीर नहीं दिख रहे हैं। स्वच्छता में पीछे आना बहुत बड़ी बदनामी है। इसके बावजूद भी हम लोग लापरवाही बरत रहे हैं। हर दिस दिनों में समीक्षा बैठक की जानी चाहिए। ताकि गड़बड़ी का पता चल सके। शहर के वार्डों में जगह-जगह से शिकायत आ रही है कि कई दिनों से कचरा का उठाव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि एसएलआरएम सेंटरों में जो कमियां हैं उसे भी दूर किया जाए। अगर अभी से ही स्वच्छता की ओर ध्यान नहीं देंगे तो आगे नहीं होने पाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि संभवतः चुनाव बात स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्य शुरू हो जाएगा। इस पर एमआईसी के सदस्यों ने हर दस दिन पर समीक्षा करने को लेकर सहमती दी है। एमआईसी की बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रभारी शफी अहमद ने कहा कि 3 वर्ष पहले शहर के सडक़ निर्माण के लिए 30 करोड़ इस्टीमेट शासन को भेजा गया था, अभी कई और सडक़े खस्ताहाल है। उन्होंने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया की शहर के सभी खस्ताहाल सडक़ों के मरम्मत हेतु इस्टीमेट बनाकर 15 दिन के अंदर शासन को भेजें, कोई भी सडक़ न छूटे। उन्होंने दिए गए समय अवधि में इस्टीमेट नहीं भेजने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने की बात कही। इस दौरान नगर निगम आयुक्त, एमआईसी सदस्य शफी अहमद, शैलू सोनी के अलावा सभी विभाग के प्रमुख उपस्थित रहे।



# थाने से घर लौटे निगरानीशुदा बदमाश ने लगाई फांसी,परिजन ने पुलिस पर लगाया प्रताड़ना का आरोप



- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कोतवाली थाने से मंगलवार की रात घर लौटे शहर के ही एक निगरानीशुदा बदमाश ने बुधवार की सुबह अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में मृतक के परिजनों ने पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस फिंगर प्रिंट के नाम पर उसे थाने ले गई थी और जिलाबदर करने की धमकी देकर रुपयों की मांग की थी। इससे वजह से उसने ये कदम उठाया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शहर के रामानुजगंज मार्ग निवासी विकास प्रजापति 30 वर्ष का नाम थाने में निगरानी शुदा बदमाशों की लिस्ट में शामिल है। इधर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरगुजा पुलिस द्वारा गुंडा-बदमाशों का फिंगर प्रिंट लिया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस मंगलवार को विकास प्रजापति को भी थाने ले गई थी।

रात को थाने से घर लौटे विकास ने परिजनों को बताया कि पुलिस ने फिंगर प्रिंट लेने के बाद उससे रुपयों की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि रुपए नहीं दोगे तो जिलाबदर कर देंगे। इसी बीच बुधवार की सुबह करीब 6 बजे युवक ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। परिजन उसके कमरे में पहुंचे तो गंभीर हालत में देख फंदे से उतारा। इसके बाद उसे वे मिशन अस्पताल जे जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इधर मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस द्वारा रुपयों की मांग व जिलाबदर की धमकी देने से वह क्षुब्ध था। उनका कहना है कि पुलिस की प्रताड़ना की वजह से ही उसने ये कदम उठाया है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु कर दी है।

# डेढ़ वर्ष में रुपए दोगुनी करने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो आरोपी गिफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

डेढ़ वर्ष में रुपए दोगुना करने का झांसा देकर एक युवक व उसके रिश्तेदार से 1 लाख 65 हजार रुपए ठगी कर लिया गया था। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को कवर्धा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार संजय दास मेन्ड्राकला का रहने वाला है। इसकी पहचान कवर्धा के नारायण साहू व योगदत्त साहू से हुई थी। ये दोनों व्यक्ति ने एक्सपर्ट एफेक्स कंपनी का कर्मचारी होना बताकर डेढ़ वर्ष में रुपए दोगुना करने का झांसा संजय दास को दिया था। झांसे में आकर संजय दास स्वयं व अपने रिश्तेदार का 1 लाख 65 हजार रुपए इनवेस्ट कराया था। इसके बाद न तो इसे रुपए डबल कर वापस किया गया और न ही मूल रुपए वापस किया जा रहा था। मामले की रिपोर्ट संजय ने मणिपुर थाना में दर्ज कराई थी। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी नारायण साहू उम्र 26 वर्ष व योगदत्त साहू उम्र 42 वर्ष निवासी नवघटा थाना पिपरिया जिला कवर्धा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई मे थाना मणीपुर से प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, राजेंद्र तिर्की, सैनिक अनिल साहू शामिल रहे।

# सभी के लिए गणित व गणितीय मॉडलिंग का उपयोग अनिवार्य : प्रो.एसके पाण्डेय

**» होली क्रॉस वीमेन्स कॉलेज,अम्बिकापुर में एक्सपर्ट लेक्चर सम्पन्न**






- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज के गणित विभाग द्वारा 12 मार्च को महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सि. शांता जोसेफ के निर्देशन में एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया। इस दौरान प्रोफेसर एसके पाण्डेय, प्रोफेसर एंड हैड, आईआईटी बीएचयू, वाराणसी उत्तरप्रदेश ने गणितीय मॉडलिंग विषय पर आपने ओजपूर्ण वक्तव्य में सर्वप्रथम गणित विषय व गणितीय मॉडलिंग के उपयोग को सभी के लिए अनिवार्य बताया तथा गणित को विज्ञान की माता की संज्ञा दी। विषय-वस्तु को बड़े रोचकता व सरलता से उदाहरण और अनुप्रयोग सहित प्रस्तुत करते हुए गणितीय मॉडल व इसके नामकरण की पद्धति को विस्तार पूर्णक बताया। कार्यक्रम के दूसरे विद्वान वक्ता प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह, को - आर्डिनेटर, स्कूल ऑफ मैटेरियल्स साइंस एंड टेक्नोलॉजी, आईआईटी बीएचयू, वाराणसी उत्तरप्रदेश ने साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी विषय पर अपने शानदार वक्तव्य में पदार्थ विज्ञान में उपयोगी तकनीकों की सविस्तार जानकारी देते हुए नैनो तकनीक को समझाया। उक्त आयोजन में मंच का संचालन आलोक चक्रवर्ती, सहायक प्राध्यापक,गणित ने किया तथा उन्होंने बताया कि किसी अमूर्त तंत्र के अवयवों से होने वाले अन्तर्सम्बन्धों का गणित की भाषा में वर्णन गणितीय मॉडलिंग है। आयोजन में आभार की विधिवत अभिव्यक्ति सि. दिव्या गुलाब मिंज, सहायक प्राध्यापक, गणित द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सि. शांता जोसेफ ने छात्राओं को गणित के सूत्रों तथा अवधारणाओं का अनुप्रयोग कर देश का एक सफल गणितज्ञ बनने का सुझाव दिया। इस कार्यक्रम में गणित विभाग से सहायक प्राध्यापक श्वेता सिंह तथा भौतिक विषय से सहायक प्राध्यापक मधु पाण्डेय व गणित विभाग की सम्पूर्ण छात्राएं उपस्थित रही।

# महिला पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी गूंज टीम ने छात्राओं को किया जागरुक



- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु जारी अभियान गूंज के तहत महिलाओ कों विधिक अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों से अवगत कराने हेतु सरगुजा पुलिस की महिला पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी गुंज टीम द्वारा महिला जागरूकता अभियान के तहत लुन्ड्रा स्थित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर छात्राओं से रूबरू हुए, साथ ही छात्राओं कों जागरूक करने महिला सम्बन्धी अपराधों के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई। गुंज टीम द्वारा छात्राओं कों पोक्सो एक्ट, बाल संरक्षण अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा जारी महिला सुरक्षा सम्बन्धी ऐप अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी देकर अभिव्यक्ति ऐप उपयोग करने की समझाईस दी गई, साथ ही कार्यस्थल पर महिलाओ की सुरक्षा सम्बन्धी प्रावधान के बारे मे जानकारी दी गई। छात्राओं को साइबर अपराध के बारे मे जानकारी दी गई एवं वित्तीय लेनदेन करने पर सजग रहने की समझाईस दी गई, किसी भी प्रकार के झांसे/बहकावे में ना आकर साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताये गए, गुंज टीम द्वारा महिला जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं को यातायात के नियमो का पालन करने के साथ साथ करियर संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के शिक्षक शिक्षिका, काफी संख्या मे छात्राएं एवं महिला आरक्षक डाली दास एवं संगीता बड़ा शामिल रहे।

# शराब तस्कर ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

आबकारी विभाग के संभागीय उडऩदस्ता की टीम की दबिश को देखकर दो माह से फरार शराब तस्कर ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि संभागीय उडऩदस्ता टीम को 6 जनवरी को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि तुनगुरी निवासी सिंगन पैकरा अपने घर से शराब का अवैध करोबार कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर टीम ने उसके घर में दबिश दी थी। इस दौरान टीम ने 33 पेटी मध्य प्रदेश की गोवा व्हिस्की शराब उसके घर से जब्त किया था। वहीं टीम को चकमा देकर तस्कर सिंगन पैकरा फरार हो गया था। तब से वह फरार चल रहा था। उडऩदस्ता टीम उसे गिरफ्तार करने के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। इस बीच वह न्यायालय से अग्रिम जमानत के लिए भी प्रयास किया पर खरिज कर दिया गया। परेशान होकर तस्कर ने बुधवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है।

# थाने की सीसीटीवी सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बेहतर संधारण करने एसपी ने दिया निर्देश




- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

एसपी विजय अग्रवाल ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में सीसीटीएनएस कार्य में लगे पुलिसकर्मियों की बैठक ली। इस दौरान एसपी ने थानेवार दर्ज किए जाने वाले ऑनलाइन इंट्री जैसे एफआईआर,जबी पत्रक , गिरफ्तारी पत्रक,चालान पेश, न्यायालय निर्णय पत्र,चरित्र सत्यापन आदि की अधतन दर्ज की गई जानकारी प्राप्त की गई। थाना गांधीनगर द्वारा ऑनलाइन डाटा इंट्री को अपडेट रखने पर एसपी ने आरक्षक इजहार अहमद एवं राजकुमार यादव को उत्साहवर्धन करते हुए नगद इनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

बैठक में सीसीटीएनएस कार्य में तैनात पुलिस कर्मचारियों को थाना में लगे हुए सीसीटीवी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उचित रखरखाव एवं देखरेख की समझाइश दी गई। एसपी द्वारा पुलिस कर्मचारियों से कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं से अवगत होकर सम्बंधित शाखा प्रभारी को समस्या के त्वरित निराकरण हेतु दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही सीसीटीएनएस कार्य कों गंभीरता पूर्वक पूर्ण कर मामले में चालान पेश करने के पश्चात दस्तावेजों की ऑनलाइन इंट्री समय पर दर्ज करने की समझाइश दी गई।

# खुलेआम बच्चों को नकल कराते टीचर

- संवाददाता -
सूरजपुर,13 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



सूरजपुर में दसवीं-बारहवीं के प्रैक्टिकल परीक्षा में खुलेआम नकल करने का वीडियो मीडिया के कैमरे में कैद हो गया,जहां वीडियो में टीचर के सामने परीक्षार्थी बुक के सहारे नकल करते दिख रहे हैं,दरअसल मामला भैयाथान ब्लॉक के बड़सरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का है,जहां इन दिनों दसवीं बारहवीं के बोर्ड परिक्षा ज़ारी है,ऐसे में आज बड़सरा के हायर सेकंडरी स्कूल में दसवीं-बारहवीं के प्रेक्टिकल परीक्षा ली जा रही थी,जहां खुलेआम टीचर के द्वारा नकल कराया जा रहा था,,जो हमारे कैमरे में भी कैद हो गया,ऐसे में टीचर भी बच्चों को पढ़ाई मे कमज़ोर होने का हवाला देते हुए हमारे कैमरे मे नक़ल कराने की बात स्वीकारते नज़र आए,तो वहीं प्रभारी विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने मीडिया के माध्यम से जानकारी मिलने और जांच कर टीचर के खिलाफ़ कर्वाई की बात कहते नज़र आए।

# सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले कुल 35 वाहन चालकों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही कर 20,000 समन शुल्क किया गया वसूल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

**» मोबाइल फ़ोन पर बात करते हुए वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कुल 22 प्रकरण दर्ज कर 6600/- समन शुल्क किया गया वसूल**

**» पुलिस टीम द्वारा दो पहिया वाहन मे तीन सवारी चलने वाले वाहन चालकों पर कुल 08 प्रकरण दर्ज कर 4000/- समन शुल्क किया गया वसूल**

सरगुजा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रतिदिन अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे बीते दिन यातायात पुलिस टीम द्वारा मोबाइल पर बात कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, दो पहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई।

यातायात पुलिस द्वारा अभियान के तहत वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वाले कुल 22 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर कुल 6600/- समन शुल्क वसूल किया गया हैं, दो पहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 08 प्रकरण दर्ज कर 4000/- समन शुल्क वसूल किया गया, अभियान के तहत यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले कुल 35 वाहन चालकों पर 20,000/- रुपये की चालानी कार्यवाही की गई हैं।



सरगुजा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रतिदिन कार्यवाही की जायगी,सरगुजा पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि यातायात के नियमो का पालन करें स्वयं सुरक्षित रहे एवं अन्य राहगीरो कों भी सुरक्षित रखे।

# सीमा विवाद द्विपक्षीय संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता, लगातार गलतबयानी के बाद नरम पड़े चीन के सुर

**बीजिंग,13 मार्च 2024।** चीन ने कहा कि भारत अक्सर कहता है कि जब तक सीमावर्ती इलाकों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं। चीन-भारत सीमा मुद्दा पूरे द्विपक्षीय संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। दोनों देशों को गलत निर्णय लेने से बचने के लिए आपसी विश्वास को बढ़ाना होगा।

### हमें झड़प से कोई लाभ नहीं- वांग वेनबिन

गौरतलब है कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई दोनों सेनाओं के बीच झड़प के बाद द्विपक्षीय संबंधों में दरार आई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी पर सवालों का जवाब देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की झड़प से हमारे लिए कोई फायदा नहीं हुआ।

### चीन की मंशा पर जयशंकर ने उठाए थे सवाल

वांग ने कहा कि चीन ने कई बार इस बात पर जोर दिया है कि सीमा विवाद कभी भी पूरे चीन-भारत संबंधों को नहीं दर्शाता है। बता दें सोमवार को चीनी राजनयिक के सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा था कि मुझे लगता है कि यह हमारे साझा हित में है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर इतनी अधिक सेनाएं नहीं होनी चाहिए।



### दोनों के बीच हुए समझौतों का हो पालन : जयशंकर

जयशंकर ने कहा था कि यह हमारे साझा हित में है कि हमें उन समझौतों का पालन करना चाहिए, जिन पर हमने हस्ताक्षर किए हैं। यह न केवल हमारे साझा हित में है बल्कि यह चीन के भी हित में है। जयशंकर ने कहा कि पिछले चार वर्षों से हमने जो तनाव देखा है, उससे हम दोनों को कोई फायदा नहीं हुआ है।

### दोनों देशों को आपसी विश्वास बढ़ाना होगा : वांग वेनबिन

जिसके बाद चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि चीन और भारत दोनों का मानना है कि चीन-भारत सीमा पर स्थिति का शीघ्र समाधान दोनों पक्षों के साझा हित में हैं। हमें उम्मीद है कि भारत हमारे साथ समान दिशा में काम करेगा और द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक ऊंचाई और दीर्घकालिक नजरिए से देखेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को आपसी विश्वास बढ़ाना चाहिए और गलतफहमी और गलत निर्णय से बचना चाहिए। हमें अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत और स्थिर रास्ते पर विकसित करने के लिए मतभेदों के सामाधान निकालने होंगे।

# पीएम प्रचंड आज प्रतिनिधि सभा में हासिल करेंगे विश्वास मत,सीपीएन-यूएमएल के साथ बनाएंगे नई सरकार

**काठमांडू,13 मार्च 2024।** नेपाली कांग्रेस को छोड़ने और नेपाल की कम्यूनिस्ट पार्टी-यूनिफाइड मार्किसस्ट-लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) के साथ नया गठबंधन बनाने के कुछ दिनों के बाद प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड बुधवार को संसद में अपना विश्वास मत हासिल कर लिया है। उन्हें 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 157 वोट मिले। मतदान के दौरान काठमांडू के नया बानेश्वॉर स्थित संसद भवन में मतदान के दौरान 268 सांसद मौजूद थे। उनमें से 110 वोट उनके खिलाफ और 138 वोट उनके पक्ष में पड़े। स्पीकर देवराज घिमिरे ने घोषणा किया, प्रधानमंत्री ने विश्वास मत जीत लिया है।



बता दें कि नेपाल की कम्यूनिस्ट पार्टी से ताल्लुक रखने वाले पूर्व गुरिल्ला नेता, प्रतिनिधि सभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता प्रचंड ने रविवार को संसद सचिवालय को एक चिट्ठी लिखी थी। अपनी चिट्ठी में प्रचंड ने बताया कि उन्होंने नेपाली कांग्रेस से नाता तोड़ लिया है।

**पीएम प्रचंड ने हासिल किया विश्वास मत-** संविधान के प्रावधानों के अनुसार, गठबंधन सरकार से किसी सहयोगी द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद प्रधानमंत्री को विश्वास मत लेना होता है। पूर्व सहयोगी नेपाली कांग्रेस का समर्थन खोने के बाद प्रचंड ने बुधवार को अपना बहुमत साबित कर दिया है। प्रचंड ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली के नेतृत्व वाली नेपाल की कम्यूनिस्ट पार्टी के साथ नया गठबंधन बनाया है। नई सरकार को विश्वास मत साबित करने के लिए 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 वोटों की आवश्यकता थी। दिसंबर 2022 में प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद प्रचंड तीसरी बार विश्वास मत साबित कर चुके हैं। प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार को निचले सदन में 150 सदस्यों का समर्थन प्राप्त था। बता दें कि दूसरी सबसे बड़ी पार्टी, पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल के पास 76 सीटें हैं, जबकि तीसरी सबसे बड़ी पार्टी सीपीएन-माओइस्ट सेंटर के पास 32 सीटें हैं। इनके अलावा राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी और सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट के पास क्रमशः 20, 12 और 10 सीटें हैं।

# महामाया पहाड़ हाथी पखना स्थित ऑक्सीजन पार्क का नाम अब होगा गणपति धाम

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,13 मार्च 2024 (घटती-घटना)।** सरगुजा जिले में मौजूद महामाया पहाड़ (हाथी पखना) स्थित ऑक्सीजन पार्क का नाम छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गणपति धाम किया गया है। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी पत्र के अनुसार सरगुजा जिले में मौजूद महामाया पहाड़ (हाथी पखना) स्थित ऑक्सीजन पार्क का नाम गणपति धाम करने का प्रस्ताव कलेक्टर सरगुजा तथा प्रधान वन



संरक्षक एवं वन बल प्रमुख छग की अनुशंसा सहित संदर्भित पत्र के माध्यम से भेजी गई थी। उपरोक्त नामकरण के प्रस्ताव पर सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय द्वारा सहमति दी गई है। इसलिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख छग अनुशंसा तथा सामान्य प्रशासन विभाग की सहमति के आधार पर सरगुजा जिले में मौजूद महामाया पहाड (हाथी पखना) स्थित ऑक्सीजन पार्क का नामकरण गणपति धाम किया गया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि वन विभाग के सहमति केवल नाम परिवर्तन तक ही है, परन्तु इस पहाड़ पर कोई भी गैर वानिकी गतिविधि हेतु वन (संरक्षण एवं सर्वधन)अधिनियम 1980 के तहत भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय,नई दिल्ली से स्वीकृति लिया जाना आवश्यक होगा।




# सार्वजनिक स्थानों पर संचालित चिकन-मटन दुकान पर निगम व पुलिस ने की कार्रवाई

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 13 मार्च 2024 (घटती-घटना)।** सार्वजनिक स्थानों पर खुले में चिकन, मटन बेचना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। इसके बावजूद भी शहर के विभिन्न जगहों पर खुलेआम चिकन- मटन बेचा जा रहा है। इसे लेकर सरगुजा पुलिस व निगम की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। बुधवार को गांधीनगर थाना क्षेत्र में संचालित दुकानों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान दुकान संचालकों को चिकन-मटन के दुकानों को मैरिन ड्राइव स्थित मटन बाजार में अपनी दुकानों को लगाने के निर्देश दिए गए। दुबारा दुकान लगाने पर सख्ती से कार्रवाई किए जाने की हिदायत दी गई। सरगुजा पुलिस द्वारा इस अभियान के तहत शहरी क्षेत्रों में अभियान चलाकर ऐसे दुकानों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# सौतेले बेटे ने ही भतीजे के साथ मिलकर की थी मां की हत्या,पुलिस को गुमराह करने कही थी ये बात

- संवाददाता -

**खडग़वां,13 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

बुजुर्ग महिला की हत्या की गुत्थी एमसीबी जिले की खडग़वां पुलिस ने सुलझा ली है। सौतेले बेटे ने ही अपने भतीजे के साथ मिलकर महिला की हत्या के बाद गमछे से हाथ-पैर बांधकर तालाब में फेंक दिया था। महिला के शरीर में उन्होंने पत्थर भी बांध दिया था ताकि शव तालाब में ही डूबा रहे। सुबह उसने ही पुलिस को सूचना दी कि उसकी मां की तालाब में लाश मिली है। वह पुलिस को गुमराह करना चाहता था। मामले में जांच पश्चात पुलिस ने बुधवार को मृतका के सौतेले बेटे व भतीजे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एमसीबी जिले के खडग़वां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनपुर बैगापारा निवासी प्रार्थी लाल साय ने 9 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें उसने बताया था कि उसकी मौसी सुमरिया 8 मार्च की शाम 5 बजे घर से कहीं निकली थी, इसके बाद उसका शव 9 मार्च को घर के पीछे तालाब में मिला है।



मामले की सूचना के बाद मर्ग कायम कर शव को तालाब से बाहर निकाला गया और विवेचना शुरू की गई। इस दौरान पाया गया कि मृतका की हत्या कर चेहरा, सिर, गला को गमछा में बांध कर पत्थर बांधा गया था। दोनों पैर को भी गमछे से बांधा गया था। पीएम रिपोर्ट पर डाक्टर ने मृतका की मौत को होमोसाईडल (हत्या) बताया। मामले में धारा 302, 201, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। सीएसपी चिरमिरी दीपिका मिंज के नेतृत्व में थाना प्रभारी आरएन गुप्ता ने टीम बनाकर संदेहियों से पूछताछ की।

लाल साय ने पुलिस को बताया कि वह मृतका का सौतेला बेटा है। मृतका सुमरिया बाई 70 वर्ष की बुजुर्ग महिला थी। एक बार वह गिर गई थी, इस कारण वह डंडे के सहारे चलती थी। उसके इलाज में पैसे खर्च होते थे, इस बात को लेकर उससे आए दिन विवाद होता था। वह घटना तिथि 8 मार्च को अपने भतीजे नईहर के साथ शराब पीकर घर जा रहा था।

उसी समय लाल साय की सौतेली मां सुमरिया रास्ते में गिरी पड़ी थी। वह उठाने के लिए आवाज दे रही थी। यह देख लालसाय ने उससे कहा कि बार-बार गिरती रहती हो। फिर उसने अपने भतीजे नईहर के साथ मिलकर अपनी टोपी से नाक-मुंह को दबाया, इस दौरान नईहर ने उसका पैर पकड़ रखा था।

नाक-मुंह दबाने से सुमरिया की मौत हो गई। वारदात के बाद मृतका को उठाकर घर के पीछे तालाब के पास ले गए और मृतका के शॉल व गमछा को चेहरा, गले व सिर में बांधकर गमछा में पत्थर बांधा गया। उसके बाद दोनों पैर को मृतका के गमछे से ही बांधकर साक्ष्य छिपाने के लिए तालाब में लगभग 15 फीट गहरे पानी में फेंक दिया गया।

### प्रार्थी ही निकला हत्या का आरोपी

मामले में गवाहों के समक्ष पुलिस ने मृतका का डंडा, हत्या में प्रयुक्त टोपी को पुलिस ने बरामद कर लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी लाल साय पिता बनई (60) व उसके भतीजे नईहर पिता सोमार साय (35) निवासी धनपुर बैगापारा खडगवां को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया।

कार्रवाई में एएसआई सुखलाल खलखो, रविन्द्र कुर्रे, रमेश पाण्डेय, रवि शर्मा, दिनेश साहू, विनोद सिंह, रामकिशन सिंह, विनय श्याम व प्रमोद साहू शामिल रहे।

# झारखंड जन मुक्ति परिषद के एरिया कमांडर सरगना टुनेश लकड़ा उर्फ रवि सहित अन्य साथियों को गिरफ्तार करने में मिली बड़ी सफलता

## जशपुर पुलिस के संयुक्त प्रयास से सरगना सहित कुल 06 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

- टुनेश लकड़ा उर्फ रवि के विरूद्ध बलरामपुर जिले के विभिन्न थानों में एवं झारखंड के विभिन्न थानों में हमला/मुठभेड़, डकैती, आगजनी,अपहरण जैसे कुल 31 अपराध दर्ज
- आरोपियों से हथियार,जिंदा राउंड,नक्सली ड्रेस एवं अन्य सामग्री बरामद

- संवाददाता -

**जशपुर,13 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**



झारखंड पुलिस से सूचना प्राप्त हुई कि बलरामपुर एवं जशपुर क्षेत्र में टुनेश लकड़ा उर्फ रवि अपने अन्य साथियों के साथ छिपा हुआ है, उनके पास आधुनिक हथियार है। इस सूचना पर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज द्वारा पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह (भा.पु.से.) एवं पुलिस अधीक्षक बलरामपुर डॉ. लाल उम्मेद सिंह (भा.पु.से.) को अवगत कराते हुये तत्काल टीम का गठन कर संयुक्त ऑपरेशन चलाने का निर्देश दिया। संयुक्त टीम का नेतृत्व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कुनकुरी विनोद मण्डावी, उप निरीक्षक सुभाष कुजूर जिला बलरामपुर के द्वारा किया गया। टीम द्वारा जधपुर जिले के ग्राम करमा थाना नारायणपुर एवं कुनकुरी में दबिश देकर उक्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, एवं उनके कब्जे से 01 नग एके-47, 01 नग मैग्जीन जिंदा राउण्ड 90, चांपड़ 01 नग, नक्सली ड्रेस एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री जप्त किया गया है।

पुलिस द्वारा ग्राम करमा थाना नारायणपुर जिला जशपुर से नक्सल सदस्य 1. राम लकड़ा उम्र 40 साल निवासी गढ़िया थाना भण्डरिया (झारखंड), 2 रंजीत महतो उम्र 30 साल निवासी ओरगी थाना विष्णुगढ़ (झारखंड) एवं 3- हेरमन कुमार गन्नुम निवासी टिकैतबंध थाना मुण्डा चतरा (झारखंड) को संयुक्त रूप से कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है। वे करमा ग्राम में कियरायेदार के रूप में विगत सप्ताह से निवासरत थे। गुलाम शहजादा को उसके निवास से गिरफ्तार किया गया है।

तत्पष्चात् गिरफ्तार आरोपियों की निषानदेही पर दबिश देकर कुनकुरी से जे.जे.एम.पी. सरगना टुनेश लकड़ा उर्फ रवि को उसके साथी तब्सुम अहमद के साथ मोहम्मद सद्दाम के मकान में किराये पर निवासरत था, जहाँ से दोनों को संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी तब्सुम अहमद चोरी के प्रकरण में जेल जा चुका है, जो वर्तमान में किराये के मकान में कुनकुरी में आकर रहता था।

तब्सुम अहमद इनके लगातार संपर्क में था एवं उसके द्वारा बलरामपुर क्षेत्र से टुनेश लकड़ा उर्फ रवि को वाहन से लाकर कुनकुरी में साथी के रूप में रखा था।

टुनेश लकड़ा उर्फ रवि वर्तमान में झारखंड के जिला गढ़वा एवं छत्तीसगढ़ के जिला बलरामपुर के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय है। इसके विरूद्ध जिला बलरामपुर में 13 प्रकरण एवं झारखंड में 18 प्रकरण कुल 31 प्रकरण पंजीबद्ध है।

टुनेष लकड़ा उर्फ रवि (झारखंड जन मुक्ति परिषद) को वर्ष 2012 में थाना शंकरगढ़ के अप.क्र. 124/2009 धारा 364, 302, 120(बी), 34 भा.द.वि. 8(1)(3)(5) छ.ग. जन सुरक्षा अधिनियम् के तहत् जारी स्थाई वारंट में दिनांक 13.05.2012 को गिरफ्तार किया गया था।

टुनेष लकड़ा उर्फ रवि जे.जे.एम.पी. सदस्य जेल से छूटने के बाद वर्तमान में जे.जे.एम.पी. के सदस्यों के साथ जिला बलरामपुर, गढ़वा क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं।

इस कार्यवाही में जशपुर पुलिस एवं बलरामपुर पुलिस के साथ-साथ झारखंड की गढ़वा पुलिस का विशेष योगदान रहा, जिनके द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ सटीक आसूचना साझा की गई। दोनों राज्यों की पुलिस के बीच बेहतर समन्वय एवं तालमेल के कारण जे.जे.एम.पी. के उक्त दुर्दांत नक्सली एवं उसके सहयोगियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है।

पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह (भा.पु.से.) ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस रिमांड में लेने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है प्रकरण की विवेचना जारी है।

### गिरफ्तार आरोपीगण

1. टुनेश लकड़ा उर्फ रवि उम्र 36 साल निवासी लम्बो थाना मंडरिया चौकी बरगढ़ (झारखंड)।
2. रंजीत कुमार महतो उम्र 29 साल निवासी गरमुर्गी थाना विष्णुगढ़ जिला हजारीबाग (झारखंड)
3. हेरमन कुमार गन्नुम निवासी टिकैतबंध थाना मुण्डा चतरा (झारखंड)।
4. राम लकड़ा उम्र 45 साल निवासी गढ़िया थाना भण्डरिया (झारखंड)
5. तब्सुम अहमद उम्र 27 साल निवासी नेवरी थाना पाण्डू जिला पलामू (झारखंड),
6. गुलाम शहजादा उम्र 21 साल निवासी बनडेगा जिला सुन्दरगढ़ (ओड़िसा) वर्तमान निवास-ग्राम जोकबहला थाना नारायणपुर।

### जप्त सामग्री

1. 01 नग एके-47,
2. 01 नग मैग्जीन जिंदा राउण्ड 90, चांपड़ 01 नग।
3. नक्सली ड्रेस एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री।

# पशु क्रूरता अधिनियम के तहत सरगुजा पुलिस की सख्त कार्यवाही, मवेशियों कों बुचड़खाना ले जाते 02 आरोपी गिरफ्तार

- चौकी केदमा पुलिस टीम द्वारा मामले की गई त्वरित कार्यवाही, आरोपियों के कब्जे से 15 रास मवेशी एवं 02 नग डंडा किया गया बरामद।

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 13 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

प्रार्थी युगेश्वर यादव साकिन कुमडेवा चौकी केदमा थाना उदयपुर द्वारा चौकी केदमा आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिनांक 12/03/24 को प्रार्थी कों ग्राम पंचायत सायर के सरपंच सरजू सिंह द्वारा फ़ोन कर बताया गया कि रामप्रसाद मझवार एवं विजय कुमार मवेशियों कों क्रू रता पूर्वक मारते पीटते भूखे प्यासे पैदल हाकते हुए बुचड़खाना की ओर ले जा रहे हैं, जिन्हे रोककर रखा गया हैं।



सुचना पर पुलिस टीम द्वारा मौक़े पर रवाना होकर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों कों पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपियों द्वारा अपना नाम (01) रामप्रसाद मझवार उम्र 40 वर्ष साकिन मतरिंगा चौकी केदमा (02) विजय कुमार उम्र 35 वर्ष साकिन मतरिंगा चौकी केदमा थाना उदयपुर का होना बताये जो आरोपियों के कब्जे से 15 रास मवेशी एवं 02 नग डंडा जप्त किया गया एवं आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर मविशियों कों क्रूरता पूर्वक मारते पीटते हुए पैदल हाकते हुए बुचड़खाना ले जाना स्वीकार किया गया, जो आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से थाना उदयपुर मे आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 44/24 धारा पशु क्रूरता अधिनियम 11(01)(क), छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4,6,10 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे चौकी कुन्नी से प्रधान आरक्षक घनश्याम यादव, कृष्णपाल सिंह आरक्षक सियम्बर दास, कृष्ण कुमार सिंह शामिल रहे।

# न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में मिली कई खामियां,

# फिर भी संबंधित विभाग आंखें मूंदे क्यों बैठा है ?

## क्या नियम विरुद्ध तरीके से संचालित हो रहा है न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग ? कार्यवाही के लिए जांच प्रतिवेदन भेजा गया संचालनालय



न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग



डॉ प्रिस जायसवाल की तत्कालीन मंत्री के साथ की फोटो





डॉ प्रिस जायसवाल की तत्कालीन मंत्री व विधायक के साथ की फोटो





जांच रिपोर्ट





-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,13 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम विभाग में पदस्थ प्रभारी डीपीएम डॉ प्रिस जायसवाल की जिला प्रशासन सहित राज्य के एनएचएम और स्वास्थ्य विभाग में पैठ बनाकर किस तरह कई तरह की खामियों के साथ अपनी पत्नी के अध्यक्षता वाली संस्था न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग का संचालन कर रहा है, इसका खुलासा आरटीआई से मिली जानकारी से हुआ है। शिकायतकर्ता संजय जायसवाल ने केन्दीय नर्सिंग कॉसिल को जब शिकायत की थी,तब अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज से आए तीन सदस्यीय जांच दल ने न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग का औचक निरीक्षण किया था और डीएमई को जांच प्रतिवेदन दिया था। परन्तु कार्यवाही अभी तक शिफर है।

शिकायतकर्ता संजय जायसवाल ने न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के संचालन व संविदा कर्मी प्रभारी डीपीएम डॉ प्रिंस जायसवाल को लेकर ईंडियन नर्सिंग कॉसिंल को शिकायत की थी, जिसके बाद 18 अक्टूबर 23 को मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर की तीन सदस्यीय दलों ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें कई खामियां पाई गई, पूरी कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी की गई। यह पाया गया कि विद्यार्थियों के लिए जिला अस्पताल बैकुंठपुर 150 बेड, एसईसीएल चरचा में (जीएनएम) 50, सीएचसी पटना मे 30 बेड, मेंटल अस्पताल सेंडरी में 20 बेड की अनुमति पाई गई। संस्था का खुद का अस्पताल नहीं पाया गया और इसमें अनुसूचित क्षेत्र बताकर अस्पताल नहीं होने के लिए रियायत दी गई है। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि संस्था में प्राकृतिक हवा की कमी पाई गई प्रकाश की व्यवस्था ठीक पाई गई।

### अधोसंरचना में काफी कमी

मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर से आई टीम के निरीक्षण में न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में दो क्लास रूम आवश्यता से आधे वर्ग फीट में पाए गए,नर्सिंग फाउडेशन लैब 18 वर्ग फीट में होना है जबकि मात्र 500 वर्ग फीट पाया गया, कम्यूनिटी और न्यूट्रीशियन लैब 1200 फीट होना चाहिए, जबकि कम्प्यूनिटी लैब सिर्फ 256 और न्यूट्रीशियन लैब 352 वर्ग फीट का ही पाया गया, दोनों मिलाकर आवयकता से आधे 608 वर्ग फीट में संचालित है। कम्प्यूटर लैब 1500 वर्ग फीट में होना चाहिए, जबकि यह मात्र 128 वर्ग फीट में पाया गया, मात्र 10 कम्प्यूटर पाए गए। एमसीएच लैब 900 वर्ग फीट की आवश्यकता है जबकि यहा मात्र 250 वर्ग फीट में है, प्री क्लिनिकल लैब के लिए 900 वर्ग फीट होना चाहिए जबकि 330 वर्ग फीट में पाया गया। एव्ही एड्स लैब के लिए 600 वर्ग फीट चाहिए जबकि यहां 200 वर्ग फीट ही पाया गयां। इस संस्था में बहुउद्देश्यीय हाल उपलब्ध नहीं है इसके लिए 3000 वर्ग फीट होना चाहिए। यहां कॉमन रूम के लिए 1000 वर्ग फीट होना चाहिए जबकि यहां मात्र 234 वर्ग फीट की जगह पाई गई। स्टॉफ रूम के लिए 800 वर्ग फीट होना चाहिए जबकि यहां सिर्फ 480 वर्ग फीट जगह पाई गई। एचओडी रूम 1000 वर्ग फीट होन चाहिए जबकि यहां 585 वर्ग फीट पाया गया। प्राचार्य रूम आवश्यकता 300 और उपलब्धता 144, उप प्राचार्य कक्ष 200 जबकि 100 वर्ग फीट पाई गई। लाईब्रेरी 2300 वर्ग आवश्यकता है यहां मात्र 770 वर्ग फीट पाई गई, इसके अलावा टॉयलेट के लिए 1000 वर्ग फीट आवश्यकता है,जबकि 500 वर्ग फीट ही पाया गया।

### छात्रावास एमएलए नगर में

न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की छात्राओं को एमएलए नगर में 6 भवन किराए पर लेकर रखा गया है। बताया गया कि कम छात्राएं होने के कारण 2 डुप्लेक्स में छात्राओं को रखा गया है जबकि 4 भवन आगामी सत्र के लिए रखा गया है, निरीक्षण टीप से साफ हो रहा है कि टुकडो टुकड़ों में न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग संचालित है,स्कूल कही और छात्रावास कही स्थित है, इसके अलावा जिस जगह छात्रावास संचालित है वह एमएलए नगर को नगर पालिका परिषद के द्वारा अवैध घोषित किया जा चुका है।

### निरीक्षण मे कई रहे नदारद

सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के अनुसार अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज की तीन सदस्यीय दल निरीक्षण में पहुंचा तब उप प्राचार्य अनुपस्थित पाए गए, प्रोफेसर का पद आज तक भरा नहीं गया है, सह प्राध्यापक के पद पर एक की नियुक्ति की गई जो उपस्थित रहे,सह प्राध्यापक 5 में 3 उपस्थित पाए गए, ट्यूटर के 16 पदों के विरूद्ध मात्र 10 की नियुक्ति पाई गई जिसमें 5 अनुपस्थित पाए गए। जांच प्रतिवेदन में साफ उल्लेख है कि निरीक्षण दिवस 118 विद्यार्थियों में कम से कम 13 षिक्षक उपस्थित होना चाहिए था जबकि मात्र 10 की पाए गए।

### सीएमएचओ को नहीं है आपत्ति

निरीक्षण में आई तीन सदस्यीय दल ने सीएमएचओ डॉ आरएस सेगर से मुलाकात की, जिसमें डॉ सेंगर ने डॉ प्रिस जायसवाल को प्रमाण पत्र जारी कर रखा है कि वो संविदा में रहते उक्त संस्था के मनोनीत सदस्य रहते संस्था का कार्य कर सकते है, उनके इस तरह से संविदा में रहते कार्य करने को लेकर सीएमएचओं को किसी भी तरह की आपत्ति नही है। सीएमएचओं ने डॉ प्रिस जायसवाल को विभागीय कार्य और कार्यालयीन समय के अतिरिक्त अन्य निजी प्रैक्टिस, प्रबंधकीय कार्य करने में कार्यालय सीएमएचओ को किसी तरह की आपत्ति नही है बताया है।

### एक शासकीय संविदा कर्मचारी की राजनीति में रुचि, मंत्री विधायक के साथ फोटों खिंचाने में दिलचस्पी ही उसकी सफलता का राज तो नहीं ?

कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग में तत्कालीन प्रभारी डीपीएम बनकर काम कर चुके डॉक्टर प्रिंस जायसवाल जिनका हाल ही में तबादला सूरजपुर जिले के लिए कर दिया गया है विगत कई वर्षों से कोरिया जिले में स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डीपीएम बनकर काम करते आ रहे थे। इसी दौरान कोरोना महामारी का भी दौर आया और उस दौरान भी डॉक्टर प्रिंस जायसवाल ही जिले में एनएचएम विभाग देख रहे थे। कोरोना महामारी के समय जिले के स्वास्थ्य विभाग में जमकर भ्रष्टाचार हुआ जिसमे एन एच एम अंतर्गत भर्तियां,खरीदी जो जीवन बचाने के नाम पर दवाइयों सहित उपकरणों की हुई वहीं वाहनों का आवागमन भाड़ा सभी मामलों में भ्रष्टाचार किया गया। प्रभारी डीपीएम बतौर काम करते चले आए डॉक्टर प्रिंस इस दौरान काफी सफलता अर्जित कर सके। उन्होंने इस दौरान जमकर सम्पत्ति भी अर्जित की वहीं इस दौरान उन्होंने कई ख्याति भी प्राप्त की साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में वह पुरस्कृत भी किए गए। निजी नर्सिंग कॉलेज संचालन की बात हो या निजी क्लीनिक में सेवा देने की बात हो शासकीय सेवा के साथ साथ डॉक्टर प्रिंस जायसवाल वह भी करते रहे वहीं जिले के आला अधिकारियों से भी उनके संबंध प्रगाढ़ होते चले गए। यह सब कुछ कैसे संभव हुआ यदि इसके पीछे की वजह जानी जाए तो एक ही बात या सवाल सामने आएगा। डॉक्टर प्रिंस की राजनीतिक पकड़ और राजनीति में रुचि साथ ही मंत्री विधायकों के साथ उनकी फोटोग्राफी ही इसकी वजह बनी। राजनीति में वह हर समय दखल देते ही नजर आए और उनके लिए राजनीति ही सफलता का कारण बन सकी वरना योग्यता मामले में उनकी योग्यता से सभी भिन्य ही हैं।

### सरकार किसी भी दल की क्यों न हो,कांग्रेस भाजपा दोनों में रिश्तेदारी कायम करने में माहिर हैं डॉक्टर प्रिंस जायसवाल

प्रदेश में पहले कांग्रेस की सरकार थी पिछले पांच वर्ष तक तब डॉक्टर प्रिंस जायसवाल कांग्रेस नेताओं के साथ रिश्तेदारी की बात बताकर जलवे अपने बिखेरा करते थे। मंत्रियो के साथ उनकी तस्वीरें भी समाने आया करती थीं। अब सरकार भाजपा की है तब भी डॉक्टर प्रिंस जायसवाल के जलवे कायम हैं। डॉक्टर प्रिंस जायसवाल भाजपा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री को ही चाचा बताकर अब जलवे बिखेर रहे हैं। वैसे डॉक्टर प्रिंस के जलवे अपनी जगह वहीं राजनीतिक रूप से नेताओं की छवि भी धूमिल हो रही है अब डॉक्टर प्रिंस जायसवाल की कारस्तानियो के कारण। नेताओं मंत्रियो के खास बनकर डॉक्टर प्रिंस जायसवाल अपनी मनमानी लगातार कर रहे हैं और राजनीतिक दलों के नेताओं को गिरफ्त में करने की अपनी कला के सहारे वह अपना मात्र स्वार्थ सिद्ध कर रहे हैं आम लोगों की स्वास्थ्य सुविधा में वह सेंध लगाने का अपना अभियान इसी तरह जारी रखे हुए हैं।

### क्या राजनीतिक संरक्षण ही वजह है जिसकी वजह से डॉक्टर प्रिंस जायसवाल के शिकायत मामलो की जांच नहीं हो पा रही है ?

डॉक्टर प्रिंस जायसवाल की कई शिकायतें विगत कई वर्षों से लंबित हैं। कई बार उनके मामलो में जांच की बात सामने आई लेकिन जांच न हो सकी केवल जांच टीम आई और चाय नाश्ता कर चली गई। पहले कांग्रेस की सरकार में इनके भ्रष्टाचार की जांच की बात इनके नर्सिंग कॉलेज के जांच की बात समाने आई। वहीं तब मामला कांग्रेस नेताओ के दबाव में दबाया गया अब जब भाजपा सत्ता में है तब भी इनके मामले में जांच नहीं हो पा रही है जिससे यह प्रतीत होने लगा है की कहीं राजनीतिक संरक्षण के कारण तो ऐसा नहीं हो रहा है और यह जांच से बचे हुए हैं। वैसे लोगों का मानना है की आम कोई होता अन्य कोई होता बड़ी कार्यवाही होती,चुकीं मामला राजनीतिक संरक्षण का है इसलिए डॉक्टर प्रिंस जायसवाल बचे हुए हैं।

# भवन में...पूर्व में लिखाया गया एमसीबी प्रेस क्लब विलोपित कर उसे किया गया पत्रकार भवन

## एमसीबी प्रेस क्लब लिखे भवन का उद्घाटन करने से स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका ने किया इनकार

## आनन - फानन में उक्त पत्रकार संगठन ने मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल से भवन का कराया लोकार्पण

-रवि सिंह-
मनेन्द्रगढ़,13 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

जिले के सभी पत्रकारों के लिए बेहतर बैठक व्यवस्था बनाने एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए प्रेस वार्ता आयोजित करने पत्रकार भवन बनाने हेतु पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा 15 लख रुपए की राशि प्रदान की गई थी, उक्त राशि से शहर के चैनपुर में एक भव्य भवन बनाया गया लेकिन कुछ लोगों द्वारा उस भवन पर जबरिया कब्जा करने के हिसाब से उस भवन का नाम पत्रकार भवन न रखकर एमसीबी प्रेस क्लब रख दिया गया और इसी नाम का उपयोग करते हुए उक्त भवन का उद्घाटन करने के लिए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को गुमराह करते हुए मुख्य अतिथि बना दिया गया लेकिन जब इस बात की जानकारी प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री व मनेन्द्रगढ़ के विधायक श्याम बिहारी जायसवाल व भरत पुर सोनहत विधायक को हुई तो उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने से इनकार कर दिया, जिसके बाद आनन फानन में उक्त पत्रकार संगठन ने मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल को मुख्य अतिथि बनकर भवन का लोकार्पण तो कर दिया लेकिन पत्रकारों का यह विवाद पूरे जिले में फैल गया जिससे एमसीबी प्रेस क्लब




की मंशा पर तरह-तरह के सवाल उठने लगे, आखिर उन्हें किसने यह अधिकार दिया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बनाए गए भवन में अपना नाम अंकित करवा ले क्योंकि जिले भर में कई पत्रकारों के संगठन कार्यरत हैं और छत्तीसगढ़ सरकार ने यह राशि किसी पत्रकार संगठन को नहीं दी है बल्कि जिले के सभी पत्रकारों की सुविधा के लिए दी है, जब इस आशय की जानकारी प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और भरतपुर सोनहत की विधायक रेणुका सिंह को हुई तो दोनों ने कार्यक्रम में शामिल होने से इंकार कर दिया ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर इस तरह का प्रायोजित कार्यक्रम करने व पत्रकार बिरादरी को बदनाम करने के पीछे आखिर किसकी मंशा थी, और अब पत्रकार भवन के लोकार्पण के 24 घंटे के भीतर ही उक्त भवन का नाम बदल दिया गया इससे जाहिर सी बात है कि पूर्व में जो नाम इस भवन का रखा गया था वह पूरी तरह से किसी षड्यंत्र के तहत रखा गया था नहीं तो भवन के उद्घाटन के बाद भवन का नाम क्यों बदला जाता, वहीं इस आयोजन में जिले भर के पत्रकारों को क्यों नहीं बुलाया गया. इस संबंध में क्षेत्र के बुद्धिजीवियों का कहना है कि किसी ने भी पत्रकार भवन के लिए राशि की मांग की हो प्रदेश के जन प्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षण कराया हो लेकिन जब जिले में कोई भवन बनेगा तो उसमें सभी पत्रकारों का समान रूप से हक रहेगा, मनेन्द्रगढ़ प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने कलेक्टर एमसीबी का ध्यानाकर्षण करते हुए अनुरोध किया है कि उक्त पत्रकार भवन में किसी भी संस्था का नाम अथवा किसी पत्रकार का नाम ना लिखा जाए, जिससे जिले भर के पत्रकारों के अलावा पूरे प्रदेश से आने वाले पत्रकार उसका बेझिझक उपयोग कर सके और शासन के पैसे का साधुपयोग हो सके, वही इस मामले में इस बात को लेकर भी नगर में काफी चर्चा रही की पूर्व विधायक एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त गुलाब कमरों के प्रयासों से ही प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मनेन्द्रगढ़ के चैनपुर में भवन निर्माण करने के लिए 15 लख रुपए की राशि स्वीकृत की थी लेकिन इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि वह चुनाव हार गए और एमसी प्रेस क्लब के पदाधिकारी ने उनको भवन के लोकार्पण समारोह में पूछना भी जरूरी नहीं समझा इससे साफ है कि पत्रकारों में राजनीतिक को लेकर किस तरह से अवसरवादिता हावी है, राजनीति में हार जीत तो चलाते रहती है लेकिन पूर्व विधायक ने जिस प्रकार से पत्रकार भवन के लिए प्रयास किया उनको आयोजन में ना बुलाए जाने के पीछे क्या मंशा है यह तो आयोजक ही बेहतर बता सकते हैं. बहरहाल मनेन्द्रगढ़ प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने कलेक्टर एमसीबी से आग्रह किया है कि उक्त भवन के रखरखाव एवं संचालन की जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों के पास हो ताकि उक्त भवन के उपयोग को लेकर किसी तरह का विवाद पैदा ना हो।

# देवेंद्र बने जय बजरंग सेना के प्रदेश संरक्षक...

## संगठन से जुड़ने के लिए यूवाओं का किया आह्वान





-संवाददाता-
कोरिया,13 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी समाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में काम करने वाली राष्ट्रीय संस्था जय बजरंग सेना के प्रदेश संरक्षक नियुक्त किए गए। जय बंजरग हिंदू फाउंडेशन राष्ट्रीय कार्यालय (मुंबई) जय बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन उपाध्याय ने प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव राजवाड़े की अनुशंसा से तिवारी की नियुक्ति की है। जय बंजरग सेना सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में कार्य करने हेतु सक्रिय है तथा भारत देश को सशक्त करने एवं हिंदू समाज को संगठित बनाने हेतु संगठन कृत संकल्पित है। संगठन की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिऐ सभी पदाधिकारी निरंतर कार्य करते रहेंगे एवं मजबूत संगठन के माध्यम से अपने समाज, राष्ट्र एवं प्रदेश को शक्तिशाली बनाने का काम करेंगे।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव राजवाड़े ने कहा कि निश्चित ही प्रदेश संरक्षक के रुप में देवेंद्र तिवारी जी की नियुक्ति से संगठन के कार्यों को गति मिलेगी। हिन्दू हितों की रक्षा के जिस उद्देश्य के साथ बजरंग सेना का गठन किया गया है हम लोग उसे अपने तन मन धन से पूरा करेंगे। साथ ही उन्होंने हिंदु युवाओं से अपील की है कि बड़ी से बड़ी संख्या में संगठन से जुड़कर भारत माता की सेवा करें। युवा मोर्चा बजरंग सेना के प्रदेश अध्यक्ष रामाधार यादव ने कहा कि हिन्दू समाज एवं सामाजिक कार्यों के प्रति देवेन्द्र तिवारी की सक्रियता एवं निष्ठा को देखते हुए ही राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा यह महत्त्वपूर्ण भूमिका सौंपी गई है । हम सभी का सौभाग्य है कि आपके मार्गदर्शन में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। हम सभी हिंदु युवा बजरंग सेना से जुड़कर अपने देश को वैभवशाली बनाएंगे। सभी का आभार व्यक्त करते हुए तिवारी ने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि हमें इस भारत भूमि में जन्म मिला, इस पर भी बड़ा सौभाग्य यह है कि एक हिन्दू बालक के रुप में जन्म लेकर मां भारती की सेवा का अवसर मिल रहा है । यही भारत मां उन वेदों, ऋषियों, तपस्वीयों, देवताओं की जननी है , जिन्होंने अपने ज्ञान से पूरी दुनिया का उत्थान किया और सभ्यताओं का विकास कर मानव जाति को आलोकित किया है । आज पुनः आवश्यकता है कि हम अपनी विरासत को सम्हाले और भारत माता को उस गौरवपूर्ण शिखर पर आरूढ़ करें जहां वह सदियों से विराजमान रही है। जय बजरंग सेना के सभी कार्यकर्ता निःस्वार्थ भावना से हिंदू,हिंदी,हिंदुस्तान की सेवा करेंगे यह हमारा संकल्प है।

# क्या समग्र शिक्षा कार्यालय कोरिया ने विद्यालयों के शौचालयों के लिए मिली मरम्मत राशि में किया भ्रष्टाचार?

**समग्र शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक जिले के समग्र शिक्षा कार्यालय को मिला थी विद्यालय शौचालय मरम्मत की राशि**

**सरगुजा जिले के समग्र शिक्षा कार्यालय ने प्राप्त राशि संबंधित विद्यालय के एसएमसी खाते में की थी समायोजित,मरम्मत के लिए एसएमसी को दिया था अधिकार**

**संयुक्त कोरिया जिले में भी प्राप्त हुई थी 28 लाख रुपए के करीब मरम्मत के लिए राशि**

**28 लाख रुपए कहां किए हुए खर्च समग्र शिक्षा कोरिया कार्यालय बता पाने में फिलहाल असमर्थ**

**जिम्मेदार अधिकारी ने केवल इतना बताया 84 विद्यालयों के लिए आई राशि,कहां कैसे हुई खर्च अभी तक उन्होंने नहीं बताया**

-रवि सिंह-
कोरिया 13 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के कुछ शासकीय कार्यालय आज भी संयुक्त रूप से दो जिलों के कामकाज को एक साथ देख रहे हैं उनमें से एक कार्यालय है समग्र शिक्षा विभाग का जो प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक तक की व्यवस्था जिले में देखने का काम करने वाला विभाग है जो संयुक्त रूप से दो जिलों का कामकाज देख रहा है। हाल ही में समग्र शिक्षा कार्यालय कोरिया को लेकर एक बात समाने आ रही है जिसमे यह अंदाजा लगाया जा रहा है की बड़ा भ्रष्टाचार का खेल विभाग में जारी है जो दो जिलों के नाम पर खेला जा रहा है और विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा अपनी जेबें भरी जा रही हैं। ताजा मामला विद्यालय शौचालय मरम्मत के लिए प्रदान की गई राशि में भ्रष्टाचार को लेकर सामने आई है जिसमे 28 लाख जैसी बड़ी राशि जो शौचालय मरम्मत के लिए प्राप्त हुई थी जिसमे बंदरबाट किया गया है बिना काम किए बिना मरम्मत किए ऐसी सूचना मिल रही है। इस मामले में जिम्मेदार भी राशि मिलने की बात तो स्वीकार कर रहे हैं लेकिन राशि खर्च का वह हिसाब या जानकारी नहीं दे पा रहे हैं की किस तरह और किसने राशि खर्च कर मरम्मत कराई।




वैसे सूत्रों के अनुसार यह राशि उन विद्यालयों के लिए प्रदान की गई थी जहां के शौचालय बालक बालिका पृथक पृथक मरम्मत के योग्य थे वहीं यह राशि वर्ष 2023,2024 के दरम्यान प्रदान की गई थी जिसके अंतर्गत मरम्मत का कार्य किया जाना था। यह राशि विधानसभा निर्वाचन 2023 के समय प्राप्त हुई थी और उसके बाद निर्वाचन संपन्न होकर परिणाम समाने आया और सरकार बदल गई और लगता है इसी बीच संबन्धित जिम्मेदारों की नियत भी बदल गई यदि यह बंदरबांट की बात सही है क्योंकि सूत्रों की माने तो यह सितंबर से लेकर दिसंबर के बीच तक का ही मामला है। वैसे इस संबंध में जब समग्र शिक्षा कोरिया के डीएमसी से बात की गई तो पहले तो उन्होंने गोलमोल जवाब देने का प्रयास किया फिर उन्होंने एक जानकारी साझा कर यह बताया की कुल 84 प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों के मरम्मत के लिए राशि प्राप्त हुई है और उसे किसके द्वारा मरम्मत कार्य में खर्च किया जा रहा है को लेकर उन्होंने पंचायत का नाम तो लिया लेकिन इस संबंध में उन्होंने कोई साक्ष्य या दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया जिससे पता चल सके की पंचायत के द्वारा ही मरम्मत कराया गया। वैसे समग्र शिक्षा कोरिया का कार्यालय कई बार सुर्खियां बटोर चुका है और वह सुर्खियां वहां पदस्थ एक लिपिक के कारण बटोरता चला आया है कार्यालय जिन्हे कभी कोरिया जिले की एक कलेक्टर ने जिला कार्यालय से हटाया था। वैसे समग्र शिक्षा विभाग है तो शिक्षा विभाग का ही एक अंग लेकिन इसका कार्यालय साथ ही इसका कामकाज बिना जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क किए ही पूरा हो जाता है और यही वजह है की यहां की बातें बाहर नहीं आतीं जबकि यहां भी भ्रष्टाचार का खेल बड़े स्तर पर होता है।

## डीएमसी समग्र शिक्षा भी नहीं दे पा रहे स्पष्ट जानकारी,राशि मिलने की बात स्वीकारी,खर्च कैसे हुई राशि जवाब संतोषप्रद नहीं

कोरिया एमसीबी जिले के डीएमसी संजय सिंह से जब इस मामले में जानकारी ली गई उन्होंने माना कि राशि 84 विद्यालयों के शौचालयों के मरम्मत के लिए प्राप्त हुई जरूर लेकिन किस तरह खर्च हुई यह वह नहीं बता सके। कहने का मतलब 28 लाख रुपए मिले विभाग को और मरम्मत भी कराया गया लेकिन किससे कराया गया वह नहीं बता सके। वैसे माना जा रहा है की बात छुपाई गई और राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई इसलिए अब गोल मोल जवाब ही समाने आएगा। सूत्रों के अनुसार राशि दूरस्थ विद्यालयों में बिल लगाकर आहरित की गई होगी या फिर ऐसे ही निकाल ली गई होगी राशि। जितनी जानकारी सूत्रों के माध्यम से जुटाई गई उसके अनुसार कहीं मरम्मत का कार्य नहीं हुआ है और राशि आपस में बांट ली गई है जिसकी जांच कराने पर असलियत समाने आएगी।

## ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराई गई मरम्मत के लिए आई राशि,यह भी सूत्रों का है कहना,भ्रष्टाचार के लिए अपनाया गया ऐसा रास्ता

सूत्रों का यह भी कहना है की मरम्मत के लिए प्राप्त राशि ग्राम पंचायतों के माध्यम से खर्च की गई,ऐसा इसलिए किया गया जिससे भ्रष्टाचार किया जा सके ऐसा सूत्रों का कहना है क्योंकि शाला प्रबंध समितियों को राशि प्रदान करने से भ्रष्टाचार संभव नहीं हो पाता और काम अच्छा होता वहीं पंचायतों पर दबाव बनाकर उनके खाते में राशि डलाकर बंदरबांट किया गया है यह बताया जा रहा है।

## संयुक्त कोरिया जिले के 84 विद्यालयों के शौचालय मरम्मत के लिए मिली थी राशि,कहां कहां खर्च हुई जानकारी नहीं दे पा रहा समग्र शिक्षा विभाग

समग्र शिक्षा विभाग कोरिया को संयुक्त कोरिया जिले के लिए जिसमे एमसीबी नवीन जिला भी शामिल है विद्यालयों के शौचालयों के मरम्मत के लिए 84 विद्यालयों के हिसाब से 28 लाख रूपए प्राप्त हुए थे। प्राप्त राशि से किन 84 विद्यालयों का मरम्मत कार्य किया हुआ यह विभाग को बताना चाहिए जो वह बता पाने में असमर्थ नजर आ रहा है,वहीं राशि विद्यालय को दी गई या फिर किसी ठेकेदार से मरम्मत कराया गया यह भी स्पष्ट नहीं है। कुल मिलाकर मामले में भ्रष्टाचार की पूरी संभावना है क्योंकि यदि मरम्मत के लिए प्राप्त राशि को भी किसी ठेकेदार के माध्यम से खर्च कराया गया होगा तो केवल बिल वाउचर ही मिलेगा काम नहीं हुआ होगा यह सूत्रों का कहना है।

## सरगुजा जिले में पूरी पारदर्शिता दिखाई गई पर इस मामले में संयुक्त कोरिया जिले ने इस मामले में गोपनीयता क्यों बरती?

समग्र शिक्षा विभाग समय समय पर विद्यालयों की निर्माण संबंधित जरूरतों को लेकर उसकी पूर्ति का कार्य करता चला आया है समय समय पर इसके नाम में परिवर्तन भी हुआ है वहीं निर्माण संबंधी मामलों से जुड़ा होने के कारण ही यहां भ्रष्टाचार अधिक है जैसा सूत्रों का कहना है। वैसे अभी शौचायल मरम्मत के लिए प्राप्त हुई राशि में भ्रष्टाचार की बात समाने आ रही है वह कितनी सच है वह तभी पता चल सकेगा जब कहां कहां मरम्मत किया गया यह बात समग्र शिक्षा विभाग बताएगा लेकिन इसी संबंध में जारी राशि जो सरगुजा जिले के समग्र शिक्षा कार्यालय को प्राप्त हुई थी मामले में कार्यालय ने राशि को संबंधित विद्यालय के एसएमसी खाते में भेजकर उन्हे ही जिम्मा दे दिया की वह अपने अनुसार मरम्मत कार्य करा लें। सरगुजा जिले ने पूरी पारदर्शिता दिखाई मामले में वहीं कोरिया जिला खासकर संयुक्त कोरिया जिले ने इस मामले में गोपनीयता बरती और शायद राशि डकारने का काम किया मिलकर ऐसा कहना इसलिए गलत नहीं होगा क्योंकि जिला अधिकारी मामले में कुछ भी संतोष जनक बता पाने में असमर्थ नजर आ रहे हैं।

## शिक्षा जिला कार्यालय में अधिकारी से ज्यादा दबदबा एक लिपिक का: सूत्र

वैसे जैसा बताया जाता है की समग्र शिक्षा जिला कार्यालय में अधिकारी से ज्यादा दबदबा एक लिपिक का है जिसके ही इशारों पर सबकुछ होता है वहीं वह आरंभ से ही एक जगह पदस्थ है जबकि एक कलेक्टर ने लिपिक को हटाया था जिसे बाद में कलेक्टर के जाते ही पुनः वहां भेज दिया गया क्योंकि वह कार्यालय का मास्टरमाइंड बना चला आ रहा है। वैसे यदि विद्यालय शौचालय मरम्मत की राशि कोरिया जिले में बंदरबांट की भेंट चढ़ी है जैसी की सूत्रों से जानकारी मिल रही है तो यह भी कहा जा सकता है की समग्र शिक्षा कोरिया कार्यालय से और भी कई मामलों में आर्थिक गड़बड़ी की गई होगी क्योंकि उक्त कार्यालय को लेकर किसी का ज्यादा ध्यान जाता नहीं है। वैसे शौचालय मरम्मत की राशि जो 28 लाख रुपए है को लेकर यदि सही जानकारी प्राप्त होती है यदि सही मायने में मरम्मत हुआ है तब तो सूत्रों की जानकारी गलत साबित हो जायेगी लेकिन यदि यदि मरम्मत न किया जाकर केवल राशि आपस में बांटी गई है तब साबित हो जायेगा कार्यालय में भ्रष्टाचार जमकर हो रहा है लगातार हो रहा है।

## शौचालय मरम्मत की राशि मिली 28 लाख, राशि खर्च कहां हुई नहीं मिल पा रही जानकारी-

प्रदेश के कई जिलों की ही तरह कोरिया जिले में भी समग्र शिक्षा विभाग द्वारा समग्र शिक्षा कार्यालय को 28 लाख के लगभग राशि उपलब्ध कराई गई जो विद्यालयों के शौचालयों के मरम्मत के लिए उपलब्ध कराई गई थी,कोरिया जिले को प्रदान की गई राशि संयुक्त कोरिया जिले के हिसाब से प्रदान की गई थी क्योंकि समग्र शिक्षा विभाग कोरिया एमसीबी जिला संयुक्त रूप से काम कर रहा है। वैसे जो राशि समग्र शिक्षा कार्यालय संयुक्त कोरिया जिले को प्राप्त हुई वह दोनों जिलों के विद्यालयों के शौचालयों के मरम्मत के लिए प्रदान की गई राशि थी और राशि कहां खर्च हुई इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। सरगुजा जिले में प्राप्त राशि एसएमसी खाते में डालकर मरम्मत के लिए विद्यालय एसएमसी को मरम्मत के लिए निर्देश जारी कर दिया गया लेकिन उसी कार्य के लिए प्राप्त राशि कोरिया जिले में कहां विलुप्त हुई है यह पता नहीं चल पा रहा है। संयुक्त कोरिया जिसमे एमसीबी जिला भी शामिल है के लिए उक्त राशि मिली थी,कई विकासखंडों में राशि विद्यालयों को नहीं मिली वहीं किन विकास खंडों के लिए राशि दी गई यह समग्र शिक्षा कार्यालय कोरिया नहीं बता पा रहा है।

---

# केन्द्रीय कर्मचारियों से 8 प्रतिशत कम मिल रहा राज्य कर्मचारियों को महंगाई भत्ता

-संवाददाता-
सुरजपुर,13 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

केन्द्र सरकार ने 1 जनवरी से केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की वृद्धि की है जो 46 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है जबकि राज्य के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2023 से 4 प्रतिशत और 1 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत यानि 8 प्रतिशत को अभी तक लंबित रखा गया है। यह आरोप छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री रंजय सिंह एवम जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह ने लगाते हुए कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते का फासला लगातार बढ़ता ही जा रहा है। यही नहीं सरकार द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों को 50 प्रतिशत और राज्य के कर्मचारियों को 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के पहले छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी 2023 के नाम से जारी घोषणा पत्र में राज्य के कर्मचारियों को केन्द्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले डीए के समान डीए देने का वादा किया है। अब वक्त आ गया है कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 8 प्रतिशत की वृद्धि कर अपना वादा निभाए। टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह,जिला सचिव सुरविन्द गुर्जर, कोषाध्यक्ष चन्द्रविजय सिंह महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख फूलमती सारथी, मीडिया प्रभारी मिथिलेश पाठक ने राज्य सरकार से केन्द्र के सामान 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से एरियर्स सहित प्रदान करने की माग की गई है।

# दिव्यांगजन अपने आपको कमजोर न समझें : लखनलाल देवांगन

-संवाददाता-
कोरबा,13 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के 41 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकल, इलेक्ट्रॉनिक व्हील चेयर प्रदान किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लखनलाल देवांगन, उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री ने सभी दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकल अपने हाथों से प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत सरकार और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। दिव्यांगता का प्रतिशत अधिक होने पर उन्हें शासकीय सेवाओं में प्राथमिकता दी जाती है। इसके साथ ही दिव्यांगजनों को विवाह तथा स्वरोजगार हेतु सहयोग भी प्रदान किया जाता है। दिव्यांगजनों को पेंशन के साथ ही आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मोटराइज्ड ट्राइसाइकल भी निःशुल्क दिया जा रहा है। इससे दिव्यांगजन अपने जरूरी कार्यों के लिए आसानी से आसपास आवागमन कर सकेंगे और अपने पैरों पर खड़े हो पाएंगे। मोटराइज्ड ट्राइसाइकल से उनकी निर्भरता किसी और पर नहीं रहेगी तथा आने जाने में समय की बचत भी होगी। मंत्री श्री देवांगन ने दिव्यांगजनों को विशेष गुणों वाले इंसान बताते हुए कहा कि वे अपने आपको कमजोर न समझें, हम सभी आपके साथ हैं। उन्होंने आम नागरिकों से दिव्यांगजनों के प्रति सकरात्मक व्यवहार रखते हुए आवश्यकता पड़ने पर सहयोग की अपील भी की। इस अवसर पर पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन, पूर्व निगम सभापति श्री अशोक चावलानी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा आम नागरिक उपस्थित थे।

# जिला पंचायत सदस्यगणों का आश्वासन के पश्चात् धरना प्रदर्शन हुआ समाप्त



-संवाददाता-
सुरजपुर,13 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश नंदिनी साहू के आश्वासन के पश्चात धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। उल्लेखनीय है की जिला पंचायत के अध्यक्ष राजकुमारी शिव भजन सिंह मरावी , उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े एवं सदस्यों सयुक्त हस्ताक्षर युक्त , जिला पंचायत सी ई ओ को ज्ञापन सौंप जिला पंचायत निधि अनुमोदित कार्य योजना की प्रशासनिक स्वीकृति दिलाए जाने की मांग की गई थी । मांग पूर्ण न होने की स्थिति में में लेकर धरने पर बैठने की चेतावनी दी गई थी। जिसको लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला पंचायत कार्यालय के मुख्य द्वार पर पर बैठ गए थे । जिला पंचायत सदस्यों की मांग थी की विकास निधि एवं 15 वां वित्त योजना जिला पंचायत निधि) के अनुमोदित कार्ययोजना (वर्ष शासकीय स्वीकृती प्रदान करने में 2022-23 एवं 2023-24) अनुरूप कार्यों को अकारण विलम्ब/रोक लगाया जा रहा है, जिसके कारण क्षेत्र का विकास अवरूद्ध हो रहा है, एवं हम समस्त जिला पंचायत सदस्यगणों को अपमानित होना पड़ रहा है। समस्त कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृती आदेश तथा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी हो कार्यों का बकाया अंतिम किश्त का भुगतान कराए जाने की मांग कर रहे थे । लगभग दो घंटे तक चले धरना प्रदर्शन को जिला पंचायत की सी ई ओ के अधिसूचना के पूर्व सभी मांगे पूर्ण कराए जाने के आश्वासन के पश्चात समाप्त कर दिया गया।इस दौरान अध्यक्ष शिव भजन राज कुमारी सिंह मरावी उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े के साथ बिहारी कुलदीप, दुर्गा सारथी, सुहागवती, अनीता प्रदीप राजवाड़े, उषा सिंह सहित अन्य शामिल थे।



# सजग कोरबा के तहत ग्रामीणों को पैंपलेट देकर एवं बैठक के माध्यम से अपराधों से बचने किया जा रहा जागरूक

-संवाददाता-
कोरबा,13 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

जिले के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देश एवं नवनियुक्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान एवं नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में जनप्रतिनिधि एवं किसानों का बैठक लेकर सजग कोरबा के तहत उन्हें अपराधिक घटनाओं से सजग रहने के लिए सभी थाना/चुकी प्रभारियों को निर्देश किया गया है । जिसके तहत थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा उनके थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव में रहने वाले ग्रामीण कृषक, मितानिन एवं जनप्रतिनिधियों का बैठक बुलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना/चौकी प्रभारी एवं उनके स्टाफ के द्वारा ग्राम पंचायत भवन में जन प्रतिनिधि और ग्रामीणों का बैठक लिया गया । बैठक में उपस्थित लोगो को वर्तमान में सरहदी जिलों में हुई उठाईगीरी की घटनाओं के संबंध में लोगो को बताया गया और किस गलती के कारण वहां घटना घटित हुआ उसके बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया एवं लोगों को इस संबंध में समझाइश दिया गया कि कभी भी बैंक जाएँ तो हमेशा अकेले न जाकर दो तीन लोगो को साथ लेकर जाए, किसी अनजान लोगो से बात न करे और सीधे घर जाएँ, कहीं पान ठेला या चाय ठेला में न रुके इस बैठक में ग्राम पंचायत पोड़ी के सरपंच, वहां के पांच मितानिन एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर इस बैठक में हिस्सा लिए। सजग कोरबा के तहत पैंपलेट सभी को वितरण किया गया और पैंपलेट के माध्यम से सजग कोरबा का प्रचार करने के लिए निवेदन किया गया।

**कार्यालय,कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर**
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)

-:ऑनलाईन प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना-

क्रमांक - 314 /व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2023-24 बलरामपुर,दिनांक- 05.03.2024
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत सिविल ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित कार्यो के संपादन हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दर पर संछिप्त ई निविदा आमंत्रित किया जाता है अन्य शर्ते विस्तृत निविदा अनुसार रहेगी:-

| क्र. | कार्य का नाम | जिला | निविदा राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | ट्रांजिट हॉस्टल भवन निर्माण कुसमी का शेष कार्य हेतु | बलरामपुर-रामानुजगंज | 43.78 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाइन निविदा की सामान्य शर्ते,धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट से अथवा ई- प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
टीप- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 21/03/2024 सायं 5.30 तक कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0) में पहुंचना अनिवार्य है।

जी0नं0- 08439/1

(सचिदानन्द कान्त)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण,यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज छ0ग0

**न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर, जिला सूरजपुर,छ0ग0**
रा.प्र.क्र. 202403262000005/अ-20(3)

ईश्तहार

आगामी तिथि 22/03/2024
इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती संतोष बंसल पति कृष्ण कुमार बंसल, उम्र लगभग 62 वर्ष, निवासी मस्जिदगली सूरजपुर, थाना, तहसील व जिला सूरजपुर (छ.ग.) के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने सवामित्व की नगर सूरजपुर स्थित नजूल भूमि मोहल्ला बाजारपारा ब्लांक नं./शीट नं-6, प्लाट नम्बर 2117/2882/2, 2117/2 रकबा क्रमशः 765, 405 वर्गफिट भूमि जो नजूल अभिलेख में श्रीमती संतोष बंसल पति कृष्ण कुमार बंसल के नाम पर दर्ज के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को बैंक में बंधक रखकर ऋण लेने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन लंबित है।
अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगर एजेंट के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 22/03/2024 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 13/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील | नजूल अधिकारी सूरजपुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर जिला सरगुजा, (छ0ग0)**
रा.प्र.क्र. /अ-2/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रत्नेश कुमार सोनी आ0 बैजुलाल जाति सोनार निवासी मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 104/32 रकबा 0.030 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है,जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 26/03/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील | अनुविभागीय (रा.) अम्बिकापुर

**आम सूचना**

मै सरपंच ग्राम पंचायत मलकडोल देववती पति धर्मपाल जाति गोड़ उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम मलकडोल तहसील-भरतपुर, जिला-एम.सी.बी. (छ0ग0)। यह सूचित करती हूं कि ग्राम मलकडोल तहसील-भरतपुर जिला-एम.सी.बी. (छ0ग0) के खसरा क्रमांक 53 रकबा 20 हे. भूमि में से 4 हे. रेत उत्खनन पट्टा 2028 तक स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिये राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण छ0ग0 भारत सरकार के पत्र क्र./2903/एस.ई.आई.ए.ए. छ0ग0/रेत/2649 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 07/02/2024 के माध्यम से पर्यावरण स्वीकृत पत्र दिया गया है नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।
दिनांक 13/03/2024
स्थान मलकडोल।
नोटः- अवधि 04/03/2024 से 02/03/2028 तक।

लीजधारी/पट्टेदार
सरपंच ग्राम पंचायत मलकडोल
देववती पति धर्मपाल गोड
ग्राम मलकडो,
तहसील-भरतपुर,
जिला-एम.सी.बी.छत्तीसगढ़
खसरा नं. 53 रकबा
20 हे. भूमि से 4 हे. भूमि
मे रेत खनन

# आर अश्विन ने छीना जसप्रीत बुमराह का नंबर-1 का ताज

## बल्लेबाजों में रोहित शर्मा को फायदा



**नई दिल्ली, 13 मार्च 2024।** आईसीसी ने ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी की है। वहीं इंडिया वर्सेस इंग्लैंड और न्यूजीलैंड वर्सेस ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद आईसीसी टेस्ट बल्लेबाज, गेंदबाज और ऑलराउंडर की रैंकिंग में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज का ताज छिन गया। लेकिन इंडियन फैंस के लिए खुशखबरी ये है कि ये तमगा आर अश्विन ने छीना है। धर्मशाला में इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच खेला गया था, जो अश्विन के करियर का 100वां टेस्ट मैच भी था। अश्विन ने इस मैच को यादगार बनाते हुए नौ विकेट चटकाए और इसका फायदा उन्हें रैंकिंग में भी मिला।

आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों रैंकिंग में अश्विन के अलावा कुलदीप यादव को भी जबर्दस्त फायदा मिला है। वहीं जसप्रीत बुमराह संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर हैं। अश्विन 870 रेटिंग पॉइंट्स के साथ टॉप पर हैं। वहीं 847-847 रेटिंग पॉइंट्स के साथ ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और जसप्रीत बुमराह संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर हैं।

रविंद्र जडेजा टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में सातवें पायदान पर बने हुए हैं। वहीं कुलदीप यादव को 15 पायदान का फायदा मिला है और वह 16वें पायदान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से टॉप 20 टेस्ट गेंदबाज में भारत के चार गेंदबाज शामिल हैं। आईसीसी टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग की बात करें तो केन विलियमसन टॉप पर बने हुए हैं, वहीं जो रूट दूसरे पायदान पर ही हैं। बाबर आजम को दो पायदान का फायदा मिला है और वह तीसरे नंबर पर आ गए हैं। इसके बाद डेरेल मिचेल और स्टीव स्मिथ का नंबर आता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पांच पायदान का फायदा मिला है और वह पांचवें नंबर पर आ गए हैं। रोहित शर्मा ने धर्मशाला टेस्ट में शतक ठोका था।

यशस्वी जायसवाल को भी दो पायदान का फायदा मिला है और वह आठवें नंबर पर आ गए हैं। विराट कोहली एक पायदान फिसलकर 9वें नंबर पर पहुंच गए हैं। धर्मशाला टेस्ट में शतक लगाने वाले शुभमन गिल को भी रैंकिंग में दमदार फायदा मिला है। 11 पायदान की लंबी छलांग लगाकार गिल 20वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

# अफगानिस्तान ने 117 रन से जीता तीसरा वनडे

### आयरलैंड को 2-0 से सीरीज हराई, नबी को 5 विकेट
### गुरबाज प्लेयर ऑफ द सीरीज



**शारजाह, 13 मार्च 2024।** अफगानिस्तान ने आयरलैंड को वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला 117 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने वनडे सीरीज पर भी 2-0 से कब्जा कर लिया। 5 विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर मोहम्मद नबी प्लेयर ऑफ द मैच रहे।विकेटकीपर बैटर रहमानुल्लाह गुरबाज को प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला। दोनों टीमों के बीच टी-20 सीरीज 15 मार्च से शुरू हो रही है।

शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। अफगानिस्तान को रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने 62 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। जादरान 22 रन बनाकर आउट हुए।उनके बाद रहमत शाह भी 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। गुरबाज भी ज्यादा देर टिके नहीं और 51 रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद अजमतुल्लाह ओमरजई 4 रन बनाकर रनआउट हो गए। टीम ने 96 रन के स्कोर पर ही 4 विकेट गंवा दिए।

### कप्तान और नबी ने संभाला

100 रन के अंदर 4 विकेट गंवाने के बाद कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी और मोहम्मद नबी ने अफगानिस्तान को संभाला। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचा दिया। नबी 48 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 97 रन की साझेदारी टूटी। पांचवां विकेट गिरते ही अफगानिस्तान ने लगातार विकेट गंवाए। इकराम अलीखिल 2, नान्याल खारोटी 10, अल्लाह घजनफर 5 और शहीदी 69 रन बनाकर आउट हो गए। फजलहक फारूकी और नावीद जादरान आखिर तक टिके रहे और टीम को ऑलआउट नहीं होने दिया।

### टी-20 सीरीज 15 मार्च से

तीसरे वनडे में जीत के साथ अफगानिस्तान ने 3 मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली। टीम ने पहला वनडे 35 रन से जीता था, जबकि दूसरा मुकाबला बारिश के कारण बेनतीजा रहा था। दोनों टीमों के बीच तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेली जा रही है। एकमात्र टेस्ट आयरलैंड ने 6 विकेट से जीता था। दोनों के बीच टी-20 सीरीज 15 मार्च से खेली जाएगी। सीरीज 18 मार्च तक चलेगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आईपीएल इतिहास में पीयूष चावला के गेंदों पर पड़े हैं सर्वाधिक छक्के

**नई दिल्ली, 13 मार्च 2024।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगाज 22 मार्च को चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच होने वाले मैच से होगा।इसके साथ ही दर्शकों को फिर से चौको-छक्कों की बारिश देखने को मिलेगी।इस प्रारूप में गेंदबाजों विशेषकर स्पिनरों के सामने सबसे बड़ी चुनौती छक्कों से बचने की होती है। आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक छक्के मुंबई इंडियंस के स्पिनर पीयूष चावला की गेंदों पर पड़े हैं।आइए उनके आंकड़े जानते हैं।



पीयूष आईपीएल इतिहास में 200 छक्के खाने वाले पहले गेंदबाज हैं। उनके खिलाफ अब तक 201 छक्के पड़ चुके हैं।सूची में रविंद्र जडेजा और पीयूष (193-193) दूसरे, रविचंद्रन अश्विन (184) तीसरे, अमित मिश्रा (182) चौथे, ड्वेन ब्रावो (155) 5वें और सुनील नरेन (149) छठे नंबर पर हैं।इसी तरह कीरोन पोलार्ड ने मिश्रा के खिलाफ सर्वाधिक 14 छक्के जड़े हैं। सूची में आंद्रे रसेल (12 बनाम मोहम्मद शमी) दूसरे, गेल (11 बनाम पीयूष) तीसरे नंबर पर हैं।

### इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अलकराज और सिनर



**इंडियन वेल्स, 13 मार्च 2024।** मौजूदा चैंपियन स्पेन के कार्लोस अलकराज ने फ़ैबियन मारोज़ान पर 6-3, 6-3 से जीत हासिल की और पिछले साल रोम में मिली हार का बदला भी लिया। साथ ही एटीपी मास्टर 1000 इवेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।सेकंड सीड ने एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर अपनी 50वीं मैच जीत हासिल की और 24 वर्षीय फ़ैबियन को एक रोमांचक मुकाबले में एक घंटे और 15 मिनट में हराकर अंतिम आठ में अपनी जगह बनाई। सातवें गेम में अलकराज की सर्विस टूटने से पहले दोनों ने बराबरी पर शुरुआत की। फ़ैबियन मैच में पहले दो ब्रेक प्वाइंट बचाने में कामयाब रहे लेकिन स्पैनियार्ड ने शानदार कमबैक किया।

# राज्य इकाइयों के विदेशी क्रिकेट बोर्ड से सीधे गठजोड़ करने पर रोक लगा सकता है बीसीसीआई



**नई दिल्ली, 13 मार्च 2024।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभ्यास शिविर आयोजित करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राज्य इकाइयों के सीधे विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ करने पर रोक लगाने की तैयारी में है। बीसीसीआई चाहता है कि राज्य इकाइयां इस तरह के किसी भी प्रस्ताव पर उसके माध्यम से आगे बढ़ें। इस मामले में 18 मार्च को होने वाली बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में फैसला लिया जाएगा।

बीसीसीआई को यह फैसला करने के लिए इसलिए मजबूर होना पड़ रहा है क्योंकिदिल्ली और पुडुचेरी सहित कई राज्य इकाइयों ने विदेशी क्रिकेट बोर्ड विशेषकर एसोसिएट देशों से अपनी टीम की मेजबानी करने के लिए बातचीत की है। इस बात की पुष्टि की जा सकती है कि दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ को नेपाल क्रिकेट बोर्ड की तरफ से प्रस्ताव मिला है। बीसीसीआई के सूत्र ने कहा, ''राज्य इकाइयां निश्चित तौर पर क्रिकेट संबंधी गतिविधियों के लिए विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ कर सकती हैं लेकिन इस तरह की साझेदारी बीसीसीआई के जरिए होनी चाहिए क्योंकि वह मूल संस्था है।

सभी प्रस्ताव बीसीसीआई के जरिए आगे बढ़ाए जाने चाहिए।'' शीर्ष परिषद की आगामी बैठक में क्रिकेट मैचों के आयोजन के लिए राज्य इकाइयों का विदेशी बोर्ड के साथ गठजोड़ पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद बीसीसीआई इस पर फैसला करने का अधिकार अपने हाथ में ले लेगा। नेपाल की टीम इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत के दौरे पर आ सकती है। नेपाल क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने पिछले महीने बीसीसीआई सचिव जय शाह के साथ बैठक की थी।

बीसीसीआई इससे पहले भी एसोसिएट देशों की मदद करता रहा है। एक समय अफगानिस्तान ने भारत को अपना घरेलू स्थल बनाया था। उसने तब देहरादून और ग्रेटर नोएडा में अभ्यास करने के अलावा मैच भी खेले थे। एसोसिएट देश मदद के लिए केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य पूर्णकालिक सदस्य देशों से भी संपर्क कर रहे हैं। बुधवार को ही श्रीलंका क्रिकेट ने जापान क्रिकेट संघ के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत श्रीलंका जापान में क्रिकेट को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

# न्यूज़ीलैंड क्रिकेट टीम अप्रैल में करेगी पाकिस्तान का दौरा



**नई दिल्ली, 13 मार्च 2024।** न्यूज़ीलैंड क्रिकेट टीम अप्रैल में पाकिस्तान के दौरे पर जाएगी, जहां वह 5 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलेगी।यह दोनों देशों के लिए टी-20 विश्व कप से पहले तैयारी के लिहाज से आखिरी सीरीज होगी।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को पूरे दौरे का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दोनों देशों के बीच यह सीरीज 18 से 27 अप्रैल के बीच खेली जाएगी।न्यूज़ीलैंड का यह पिछले 17 महीनों में पाकिस्तान का तीसरा दौरा होगा।पाकिस्तान के अंतर्राष्टीय क्रिकेट निदेशक उस्मान वाहला ने कहा, पीसीबी और न्यूज़ीलैंड क्रिकेट के बीच अटूट सौहार्द के प्रमाण में हमें न्यूज़ीलैंड क्रिकेट टीम के 2024 में पाकिस्तान दौरे का कार्यक्रम पेश करते हुए खुशी हो रही है। यह दौरा गहरे संबंधों और आपसी सम्मान का प्रतीक हैउन्होंने आगे कहा, हमें उम्मीद है कि एक और प्रतिस्पर्धी सीरीज होगी, जो टी-20 विश्व कप 2024 के लिए हमारी तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम के अनुसार, न्यूज़ीलैंड टीम 14 अप्रैल को पाकिस्तान पहुंचेगी और 16-17 अप्रैल को अभ्यास करेगी।इसके बाद सीरीज का पहला मैच 18 अप्रैल, दूसरा मैच 20 अप्रैल को और तीसरा मैच 21 अप्रैल को खेला जाएगा। ये तीनों मैच रावलपिंडी स्टेडियम में खेले जाएंगे।इसके बाद चौथा टी-20 मैच 25 और 5वां 27 अप्रैल को खेला जाएगा। ये दोनों मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेल जाएंगे।

# उमेश यादव हैं आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीतने वाले तेज गेंदबाज



**नई दिल्ली, 13 मार्च 2024।** इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें संस्करण का रोमांच 22 मार्च से शुरू होने जा रहा है।इस प्रारूप में वैसे तो बल्लेबाजों का पलड़ा भारी रहता है, लेकिन गेंदबाज भी कई बार चौंकाने वाले प्रदर्शन कर सबको चौंका देते हैं।इस साल गुजरात टाइटंस का हिस्सा बने तेज गेंदबाज उमेश यादव ने भी कई चौंकाने वाले प्रदर्शन किए हैं।यही कारण है कि वह आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीतने वाले तेज गेंदबाज हैं।

उमेश ने आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक 10 बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड अपने नाम किए हैं।सूची में मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह (8) दूसरे, लसिथ मलिंगा, आशीष नेहरा और जयदेव उनादकट (6-6) संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर हैं।इसी तरह ढ्ढकरु में सबसे ज्यादा बाद यह अवार्ड जीतने का रिकॉर्ड एबी डिविलियर्स के नाम हैं, उन्होंने 25 बार यह कारनामा किया है। सूची में क्रिस गेल (22) दूसरे और रोहित शर्मा (19) तीसरे नंबर पर हैं।

उमेश ने 2010 में आईपीएल करियर का आगाज किया था। वह अब तक 141 मैच की 140 पारियों में 136 सफलताएं प्राप्त कर चुके हैं।इस दौरान उनकी औसत 30.04 की और इकॉनमी 8.38 की रही है। 4/23 लीग में उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े हैं।उन्होंने आईपीएल में 3 बार 4 विकेट लने का कारनामा किया है।वह इस लीग में अब तक दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और कोलकाता नाइट राइडर्स का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।


# वोज्नियाकी ने केर्बर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया



**इंडियन वेल्स, 13 मार्च 2024।** डेनमार्क की कैरोलिन वोज्नियाकी ने एंजेलिक केर्बर को एकतरफा अंदाज में 6-4, 6-2 से हराकर इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, यह 2019 के बाद उनका पहला डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल है। अपनी जीत के साथ, वोज्नियाकी 33 वर्ष से अधिक उम्र में बीएनपी परीबा ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सातवीं महिला बन गईं। 36 वर्षीय केर्बर अपनी बेटी लियाना को जन्म देने के बाद 17 महीने के विश्राम के बाद 2024 में 1-6 के रिकॉर्ड के साथ कैलिफोर्निया आई थीं। वोज्नियाकी ने शुरुआत में तेज प्रदर्शन करते हुए ओपनर में 5-1 की डबल ब्रेक बढ़त बनाई, इससे पहले कि केर्बर ने पलटवार किया और सर्विस पर वापस आने के लिए अगले तीन गेम अपने नाम कर लिए। पैर या टखने की चोट के कारण मेडिकल टाइमआउट के बाद वोज्नियाकी ने 6-4 से सेट अपने नाम कर लिया। हालाँकि 90 मिनट के मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों को मेडिकल टाइमआउट की आवश्यकता थी, लेकिन सबसे पहले केर्बर की ऊर्जा ख़त्म हो गई, क्योंकि दूसरे सेट की शुरुआत में पीठ के निचले हिस्से की समस्या के कारण उनका खेल ख़राब हो गया। फिर भी दोनों खिलाड़ियों ने जोशीली रैलियां साझा कीं और विनर्स लगाए। अंत में कोर्ट का झुकाव वोज्नियाकी के पक्ष में हो गया।

# अभिनेता थ्रिगुन की लाइनमैन का ट्रेलर रिलीज

तमिल और तेलुगु सिनेमा में अपने बहुमुखी अभिनय के लिए प्रसिद्ध अभिनेता थ्रिगुन अपनी आगामी फिल्म लाइनमैन के साथ कन्नड़ फिल्म उद्योग में एक भव्य प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वी रघु शास्त्री के कुशल




निर्देशन में, यह द्विभाषी उद्यम न केवल कन्नड़ दर्शकों के लिए है, बल्कि साथ ही तेलुगु फिल्म उद्योग में भी अपनी पहचान बनाएगा। लाइनमैन की कथात्मक पृष्ठभूमि दिलचस्प ढंग से मांड्या के देहाती इलाकों पर आधारित है, जो इस क्षेत्र के लोकाचार में गहराई से निहित एक कहानी का वादा करती है।हाल ही में रिलीज हुए फिल्म के फर्स्ट लुक और मोशन पोस्टर ने सभी को प्रभावित किया. आज निर्माताओं ने फिल्म के नाटकीय ट्रेलर का अनावरण किया। ट्रेलर की शुरुआत जूनियर लाइनमैन नटराज के परिचय से होती है; गाँव वाले उसे नट्टू कहते हैं। थ्रिगुन को पावर स्टार के संदर्भ में पेश किया गया है।यह गांव के विचित्र चरित्रों का परिचय देता है। थ्रिगुन के लिए उनके प्रफुल्लित करने वाले प्रश्न बहुत हंसी लाते हैं। गर्भवती महिलाओं की एक हजार से अधिक डिलीवरी कराने वाली देवुदम्मा का 100वां जन्मदिन मनाने के लिए पूरा गांव एक साथ आता है। गांव ने बुनियादी बातों पर लौटते हुए, चार लोगों की जान बचाने के लिए बिजली के बिना रहने का फैसला किया।ट्रेलर इंसान होने की खुशी को पेश करने पर केंद्रित है और इससे होने वाली अराजकता की झलक भी दिखाता है। थ्रिगुन ने गाँव को बिजली न देने का निर्णय क्यों लिया यह जानने के लिए 15 मार्च को सिनेमाघरों में लाइनमैन देखें। ट्रेलर मनोरंजन से भरपूर है और एक भावनात्मक रोलरकोस्टर सवारी का वादा करता है।यह फिल्म तेलुगु और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ रिलीज होने के साथ 15 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह परियोजना न केवल सैंडलवुड में थ्रिगुन के प्रवेश को चिह्नित करती है, बल्कि क्षेत्रीय सिनेमा के निर्बाध सम्मिश्रण का एक प्रमाण भी है, जो भाषाई बाधाओं से परे एक कथा पेश करती है। जैसे-जैसे रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है, लाइनमैन से सिनेमाघरों में भीड़ खींचने की उम्मीद है, जो उन्हें मांड्या की सुरम्य लेकिन चुनौतीपूर्ण पृष्ठभूमि पर आधारित एक लाइनमैन के जीवन की झलक पेश करेगी।इस रोमांचक परियोजना में काजल कुंदर, बी जयश्री, निविक्षा नायडू, हरिनी श्रीकांत, सुजय शास्त्री, अप्पोर्वा श्री और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म को प्रतिष्ठित बैनर पर्पल रॉक एंटरटेनर्स द्वारा नियंत्रित किया गया है। यह फिल्म प्राचुरा पी, कादरी मणिकांत, ज्योति रघु शास्त्री और भाला स्टूडियो द्वारा सह-निर्मित है। सिनेमैटोग्राफी का कार्यभार डीओपी शांति सागर एच.जी. द्वारा किया जाता है जबकि संपादन का कार्यभार रघुनाथ द्वारा संभाला जाता है। एल. संगीत कादरी मणिकांत द्वारा रचित है। अधिक विवरण बहुत जल्द घोषित किए जाएंगे।

# नेहा शर्मा ने पिंक आउटफिट में बिखेरा जलवा



बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा हाल ही में मुंबई में स्पॉट हुईं. इस दौरान उन्होंने पिंक कलर का आउटफिट पहना हुआ था, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। नेहा ने लाइट मेकअप के साथ बाल खुले छोड़े थे और पैप्स के कैमरों के सामने सेक्सी पोज देते दिखाई दीं। नेहा ने पैपराज़ी को पोज़ दिए और उनसे उनके हालचाल पूछे। उन्होंने पैपराज़ी से पूछा कि वह सब कैसे हैं। नेहा शर्मा का यह वीडियो फैंस के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। साथ ही वे नेहा के अपकमिंग प्रोजेक्ट का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं। नेहा शर्मा पहले भी इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रही हैं। उनकी तस्वीरें अक्सर सोसल मीडिया पर वायरल हो जाती है।नेहा शर्मा की इंस्टाग्राम पर 14 मिलियन से अधिक लोग फॉलो करते हैं।नेहा शर्मा की बात करें तो बॉलीवुड में उन्होंने क्रूक' फिल्म से डेब्यू किया था। इसके बाद वो क्या सुपर कूल हैं हम', यमला पगला दीवाना 2', यंगिस्तान', कृति' समेत कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

# रील लाइफ के बबिता-टप्पू ने रियल लाइफ में कर ली सगाई



तारक मेहता का उल्टा चश्मा की अभिनेत्री मुनमुन दत्ता, जो बबीता कृष्णन अय्यर की भूमिका निभाती हैं, ने कथित तौर पर अभिनेता राज अनादकट से सगाई कर ली है, जिन्हें सिटकॉम में जेठालाल के बेटे तपू के रूप में देखा गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक्टर्स ने इस महीने की शुरुआत में गुजरात के वडोदरा में अपने परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में सगाई कर ली। अभिनेताओं के एक करीबी सूत्र ने न्यूज पोर्टल को बताया, ÷मुनमुन और राज के परिवारों ने उनके रिश्ते को स्वीकार कर लिया है और वे समारोह में भी मौजूद थे।÷ सूत्र ने यह भी बताया कि वे तब से डेटिंग कर रहे हैं जब राज 2017 में तारक मेहता का उल्टा चश्मा में शामिल हुए थे। वास्तव में, शो के सेट पर हर कोई उनके रिश्ते के बारे में जानता था। शो के कलाकार अपने निजी जीवन के बारे में हमेशा चुप्पी साधे रहते हैं और अपने काम पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मुनमुन और राज के रिश्ते की खबरें पहली बार सितंबर 2021 में सामने आई थीं। जबकि राज 27 साल के हैं और मुनमुन उनसे 9 साल बड़ी हैं. कथित तौर पर, उम्र के अंतर के बावजूद, दोनों कलाकार एक-दूसरे के प्यार में पागल हैं। हालांकि, दोनों कलाकार अपने रिश्ते को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं।

कुछ साल पहले, उनके इंस्टाग्राम एक्सचेंजों ने भी एक पनपते रोमांटिक रिश्ते के बारे में अटकलों को हवा दी थी, हालांकि, बातचीत अंततः खत्म हो गई। इस बीच, तारक मेहता का उल्टा चश्मा की शुरुआत के बाद से, मुनमुन एक अभिन्न भूमिका निभा रही हैं। उनका किरदार एक बंगाली महिला का है जिसकी शादी एक दक्षिण भारतीय पुरुष से हुई है। दूसरी ओर, भव्य गांधी के शो छोड़ने के बाद 2017 में राज ने उन्हें टपू (जेठालाल गड़ा के बेटे) के रूप में रिप्लेस किया।

## संक्षिप्त खबरें


### सीएम साय के सचिव को मिली एक और बड़ी जिम्मेदारी

**सुशासन और अभिसरण विभाग का बनाया गया सेक्रेटरी**



**रायपुर,13 मार्च 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सचिव राहुल भगत को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इस वक्त उन्हें सुशासन और अभिसरण विभाग का सचिव बनाया गया है।इससे पहले उन्हें सीएम का सचिव नियुक्त किया गया था।

### सहायक कलेक्टर के तौर पर 4 नए आईएएस को मिली पोस्टिंग




**रायपुर,13 मार्च 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ को चार आईएएस अधिकारी मिले । राज्य शासन द्वारा लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2023 बैच के 4 अधिकारियों के पदस्थापना का आदेश जारी किया गया है।मसूरी में प्रथम दौर के प्रशिक्षण के बाद राज्य में प्रशिक्षण के लिए चारों अफसरों को सहायक कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया गया है। राज्य में प्रशिक्षण के लिए चारों अफसरों को सहायक कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया गया है।

### 47 जजों का हाईकोर्ट ने किया तबादला



**बिलासपुर-रायपुर,13 मार्च 2024 (ए)।** न्यायिक सेवा के 47 अधिकारियों व जजों का तबादला हो गया है। हाईकोर्ट ने इस आशय का आदेश जारी कर दिया है।

जारी आदेशानुसार बलराम प्रसाद वर्मा को विजिलेंस का रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं सिराजुद्दीन कुरैशी को ज्यूडिशियल अकादमी बिलासपुर का डायरेक्टर बनाया गया है। जबकि आलोक कुमार को रजिस्ट्रार विवेक कुमार वर्मा को एडिश्नल रजिस्ट्रार वेंसलेस टोप्पो को सेट्रल प्रोजेक्ट कार्डिनेटर ई कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट और आनंद प्रकाश दीक्षित को ज्यूडिशियल अकादमी का एडिश्नल डायरेक्टर बनाया गया है।इनमें रायपुर के विशेष न्यायाधीश ईडी/सीबीआई कोर्ट ममता पटेल, अजय सिंह राजपूत भी शामिल हैं। उनके स्थान पर अतुल कुमार श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया है। इनके अलावा कई स्पेशल जज, प्रिंसपल जज, जिला एवं सेसन जजों का भी तबादला हुआ है।

### खाद्य विभाग ने प्रारंभ किया नवीनीकरण हुए राशनकार्डो का वितरण

**रायपुर,13 मार्च 2024 (ए)।** खाद्य विभाग ने नवीनीकरण के बाद नए राशन कार्ड का वितरण शुरू कर दिया है इसे लेकर राजधनी के सभी राशन दुकानों में महिलाओं की भीड़ जुटने लगी है यह तस्वीर आमापारा स्थित दुकान की है । कार्ड के मुख्य पृष्ठ पर सीएम साय और खाद्य मंत्री बघेल की तस्वीरें लगाकर नया रूप दिया गया।



# सीएम साय ने कांफ्रेंस में दिखाया सख्त तेवर

## कलेक्टर-एसपी के कार्यों से ही सरकार की छवि बनती है : मुख्यमंत्री श्री साय

- » संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ काम करें...
- » अन्नदाता किसानों को दफ्तरों का चक्कर न लगाना पड़े...
- » बस्तर में सुरक्षा कैंप की छवि सुविधा कैंप के रूप होनी चाहिए...
- » कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने जनहित में संचालित कार्यों की समीक्षा की...



**रायपुर,13 मार्च 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस लेकर शासन की योजनाओ और कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज तीन महीने के बाद कलेक्टर-एसपी कांफ्रेस हो रही है। तीन महीने के भीतर ही निश्चित रूप से आप लोगो के सहयोग से हमारी सरकार ने जनता के विश्वास के मुताबिक बहुत से काम किये हैं और मोदी जी की गारंटी को पूरा किया है। हमें और भी अच्छा काम करने की जरूरत है। जनता ने हमें विश्वास से बैठाया है, हमें जनता के विश्वास के मुताबिक और अच्छा काम करना है। मोदी की गारंटी में विश्वास करके छत्तीसगढ़ की जनता ने हमको सरकार में बैठाया है, इस तीन महीने में हमने बहुत काम किया है, प्रधानमंत्री आवास योजना, बकाया धान का बोनस, धान की बम्पर खरीदी, 21 क्विंटल प्रति एकड़ 3100 की दर से, कल अंतर की राशि भी दे दिए। महतारी वंदन योजना के तहत पहली किश्त की राशि भी जारी हो गई है। एक तरह से 3 महीने में हमने बहुत काम किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य शासन और भारत सरकार की बहुत सारी योजना प्रदेश में संचालित है। सभी योजनाओं को प्रदेश की अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने की आवश्यकता है, कलेक्टर ध्यान रखे कि जिला प्रशासन की तरफ से योजना पहुचाने में किसी भी तरह की कोताही न हो, ढिलाई बर्दास्त नहीं की जाएगी। हमारे प्रधानमंत्री अपने आपको प्रधानमंत्री नही मानते वो भी अपने आपको जनसेवक ही मानते हैं। हम सब भी लोक सेवक हैं, हम सबका उद्देश्य जनसेवा है। कलेक्टर से लेकर पटवारी तक और एसपी से लेकर आरक्षक तक हम सबको जनता की सेवा में तत्पर रहना होगा।

### कामों को टालने की प्रवृत्ति राजस्व अधिकारी बदले

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजस्व विभाग में कई तरह की शिकायत मिल रही हैं। ग्रामीण स्तर में पटवारी, आरआई द्वारा बंटवारा, नामातंरण का काम ठीक से और त्वरित रूप से नही होने की शिकायत प्राप्त हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कामों को टालने की पुरानी व्यवस्था को तत्काल बदले। सभी कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि राजस्व विभाग से संबंधित शिकायत ना आने पाए। आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। जो भी आवश्यक दस्तावेज की जरूरत राजस्व विभाग के अधिकारियों से हो लोगों को तत्काल मिल जाए।

### अधिकारी-कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 दिन का सप्ताह हो गया है, 5 दिन पूरे तन्मयता से कार्य हो। दफ्तरों में सभी समय पर उपस्थित हो जाये यह सुनिश्चित किया जाए। पूरी पारदर्शिता के साथ प्रदेश सरकार और भारत सरकार की योजना लोगों तक पहुचे इस ओर जिला प्रशासन ध्यान दे। हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है कि अपने प्रदेश में सुशासन देंगे। इस पर भी आप लोग विशेष ध्यान दे। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी विकसित भारत की बात करते हैं, हमें भी विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित जिला बनाने की आवश्यकता है, उसी के अनुरूप कार्य हों।

कलेक्टर-एसपी के कार्य से ही सरकार की छवि बनती है। जिला प्रशासन के अच्छे कार्य से ही जनता आप लोगों की तारीफ हमसे करती है। आप लोगों की तारीफ जनता से हमे प्राप्त होने चाहिए। हमारे किसान अन्नदाता है और छत्तीसगढ़ में ज्यादातर किसान ही है। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि किसानों को दफ्तरों का चक्कर न लगाना पड़े। किसानों का कार्य समयावधि में पूरा हो यह सुनिश्चित किया जाए।

### डीएमएफ फंड का दुरूपयोग न हो

डीएमएफ फंड में भारी भ्रष्टाचार पिछली सरकार में हुआ है। डीएमएफ फंड की राशि खनन प्रभावित क्षेत्र के विकास के लिए होती है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क और आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के लिए यह राशि खर्च की जाए। डीएमएफ की राशि की उपयोग के लिए भारत सरकार से नियम तय है, नियमानुसार ही यह राशि खर्च हो। इस पर सख्ती से ध्यान दिया जाए, इस राशि का बिल्कुल भी दुरुपयोग नही होना चाहिए।

### बैंकों से लोगों को राशि आहरण करने में न हो कठिनाई

महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक पात्र महिलाओं के बैंक खातों में योजना पहली किश्त भेज दी है। इसी तरह कृषक उन्नति योजना की राशि भी किसान भाइयों को भेज दी गई है। उपरोक्त राशि के आहरण में हितग्राहियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इस संबंध में बैंकों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। डॉयरेक्ट बेनिफिट स्कीमों में शासन की ओर से राशि अंतरित किए जाने के बाद भी कुछ हितग्राहियों को खातों में राशि न पहुंच पाने की शिकायत रहती है, उनका तत्काल संज्ञान लेते हुए उचित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना, जन-धन खाता, सुरक्षा बीमा योजना आदि सभी योजनाओं में हमें सेच्युरेशन की स्थिति प्राप्त करनी है। अतः इस लक्ष्य को केंद्र में रखकर कार्य किया जाए।

### बस्तर में सुरक्षा कैंप की छवि सुविधा कैंप के रूप होनी चाहिए

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर के मावोवादी आंतक को नियंत्रित करने के लिए स्थापित किए गए सुरक्षा कैंप की छवि लोगों में सुविधा केंप के रूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने लोगों को बुनयादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नियद नेल्लानार योजना शुरू की है। इस योजना में कैंप के आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे के गांव में लोगों को सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं दी जानी है। इसका बेहतर क्रियान्वयन किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों हुए पुलिस अधीक्षक कांफ्रेस में दिए गए निर्देशों का पालन फील्ड में दिखना शुरू हुआ है लेकिन फिर भी पुलिस विभाग में अभी और कसावट लाने की आवश्यकता है। अपराधियों में कानून का भय होना चाहिए और आम नागरिक सभी तरह से भयमुक्त होने चाहिए। आम नागरिक भयमुक्त होकर सहजता से जीवन यापन कर सकें, हमें ऐसे वातावरण का निर्माण करना है। महिलाओं से संबंधित अपराध पर पूरी तरह अंकुश लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में नए कानून लागू हो चुके हैं। इन नए कानूनों के अनुरूप पुलिस को स्वयं को ढालना होगा और प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। बस्तर में हमने नियद नेल्लानार योजना शुरू की है। इस योजना के क्रियान्वयन में आप लोगों की आपसी तालमेल के साथ-साथ जनभागीदारी की भूमिका भी बहुत महत्वपूर्ण होगी।

कलेक्टर-एसपी कांफ्रेस में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी अशोक जुनेजा, एडीजी इंटेलिजेंस अमित कुमार,मुख्यमंत्री सचिवालय के सचिव राहुल भगत, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मुकेश बंसल, मुख्यमंत्री के सचिव दयानन्द पी. और डॉ. बसवराजू एस. उपस्थित थे।

### कार्य एजेंसी और ठेकेदार पर निगरानी रखें

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर में नल के माध्यम से पानी पहुंचाना चाहते हैं, इसलिए इन कार्यो को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाए। सबसे पहले जल स्त्रोतों का पता लगाया जाए, इसके बाद टंकी बनाने, पाइप लाइन बिछाने का काम किया जाए। जलजीवन मिशन योजना से लोगों को लाभ हो, पेयजल मिले यह सुनिश्चित हो। कार्य एजेंसी और ठेकेदार पर निगरानी हो ताकि सही कार्य हो सके।

### तेंदूपत्ता संग्राहकों को समय पर पारिश्रमिक का भुगतान करें

तेंदूपत्ता खरीदी का समय आ गया है, शासन द्वारा प्रति मानक बोरा 5500 की दर निर्धारित की गई है। यह ध्यान रखें कि तेंदूपत्ता संग्रहकों समय पर पारिश्रमिक भुगतान तथा उनके उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिले। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के कार्य ठीक से चलें और समय पर भुगतान हो। मजदूरी के लिए मजदूरों को भटकना न पड़े। जितने भी स्वीकृत कार्य है, समय पर कार्य प्रारंभ हो और पूरा हो यह भी सुनिश्चित की जाएं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाएं

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हमारी सरकार ने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास बनाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को पिछले 5 साल में आवास मिलना था वे मकान से वंचित हो गए थे और जिनके घर का कार्य अधूरा है जिसके कारण उन्हें बिना छत के रहना पड़ा। उन सभी मकानों को तेजी से पूर्ण कराया जाए। इस योजना की जिला स्तर पर निरंतर समीक्षा की जाए। राशन कार्ड के नवीनीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए एवं राशनकार्डधारियों को खाद्यान्न का समय पर वितरण सुनिश्चित किया जाए।

# सीजीपीएससी की परीक्षाएं यूपीएससी की तर्ज पर करने हेतु आयोग गठित

**महानदी भवन मंत्रालय स्थित सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी हुआ आदेश**






**रायपुर,13 मार्च 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में पिछले कुछ सालों से हो रही गड़बड़ियों और शिकायतों के समाधान तथा उसे पारदर्शी बनाने के लिए संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार जोशी की अध्यक्षता में आयोग का गठन किया गया है। उल्लेखनीय है कि स्टेट गवर्नमेंट ने राज्य प्रशासनिक सेवा की परीक्षाओं को संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर पारदर्शी बनाने के लिए बजट में घोषणा की थी। इस संबंध में राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा बीती देर रात आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार जोशी की अध्यक्षता में गठित आयोग छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं को संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर पारदर्शी बनाने हेतु सुझाव देने के साथ ही विभिन्न विभागों के लिए परीक्षा आयोजन का वार्षिक कैलेण्डर बनाने तथा परीक्षार्थियों में आयोग के प्रति विश्वसनीयता बनाए जाने के लिए भी सुझाव देगी।

जारी आदेश में स्टेट गवर्नमेंट की ओर से गठित आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के सेवा-शर्तें भी निर्धारित की गई हैं। आयोग के अध्यक्ष, सदस्य व सदस्य सचिव को उच्चतम न्यायालय के जज को देय वेतन के समान मानदेय की पात्रता होगी। साथ ही रायपुर प्रवास के दौरान वाहन-आवास और खानपान की व्यवस्था लोक सेवा आयोग के नोडल अधिकारी की ओर से किया जाएगा। इस पर संपूर्ण व्यय छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से वहन किया जाएगा।

# ईडी ने कोर्ट में पेश किया चालान




**रायपुर,13 मार्च 2024 (ए)।** महादेव एप सट्टेबाजी मामले में ईडी ने विशेष कोर्ट में नितिन टिबरेवाल, अमित अग्रवाल और नीतिश दीवान की भूमिका पर 3500 पन्नों का पूरक अभियोजन परिवाद पेश किया है। ईडी की ओर से पेश किए गए पूरक चालान में महादेव एप बुक के संचालन में नितिन टिबरेवाल, अमित अग्रवाल और नीतिश दीवान की अहम भूमिका होने का उल्लेख करते हुए हार्ड डिस्क, पेन ड्राइव आदि कोर्ट में जमा कराया है। चालान में नीतिश दीवान को महादेव एप के संचालकों के साथ नजदीकी संबंध, एप के संचालन में मैनेजर के रूप में दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन के साथ ही कोर कमेटी का सदस्य भी बताया गया है। ईडी का दावा है कि नितिन टिबरेवाल ने फॉरेन इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो के जरिए सट्टेबाजी का करोड़ों रुपये निवेश किया है। वहीं अमित अग्रवाल पर महादेव एप की कमाई से मिलने वाली नकदी रकम को अनेक बैंक खातों में लेकर निवेश कराया है। उसके द्वारा काली कमाई से छेरीखेड़ी में जमीने खरीदने के भी ठोस दस्तावेज व सबूत मिले है। मामले की सुनवाई 14 मार्च को होगी। गौरतलब है कि महादेव एप सट्टेबाजी मामले में ईडी की गिरफ्त में आए भोपाल के मुख्य ऑपरेटर गिरीश तलरेजा और कोलकाता निवासी सूरज चोखानी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल में भेज दिया गया है। वहीं ईडी के प्रतिवेदन पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने अज्ञात पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ साजिश, जालसाजी और भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है।

## क्रॉस फायरिंग में महिला को लगी गोली,कई नक्सली घायल

**बीजापुर,13 मार्च 2024 (ए)।** जिले के नक्सल प्रभावित बोड़गा के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ की क्रॉस फायरिंग की चपेट में आकर एक महिला जख्मी हो गई है। जख्मी महिला को जवानों ने सीएचसी लाकर उपचार कराया। यहां से उसे बेहतर इलाज के लिए डिमरापाल जगदलपुर रेफर किया गया है।पुलिस ने बताया कि बोड़गा के जंगल मे भैरमगढ़ एरिया कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर मंगलवार को डीआरजी व एसटीएफ की संयुक्त पार्टी बोड़गा ताकीलोड़ व उसपरि की ओर निकली हुई थी। बुधवार की दोपहर तीन बजे के करीब बोड़गा के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ के क्रॉस फायरिंग की चपेट में आने से बोड़गा निवासी 44 वर्षीय महिला राजे ओयाम को गोली लगने से वह घायल हो गई। पीड़ित की मदद के लिये जवान पहुंचे और घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैरमगढ़ में प्राथमिक उपचार कराया। फिर यहां से बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल जगदलपुर के लिये रेफर कर दिया गया हैं। पुलिस का कहना है कि मुठभेड़ में भैरमगढ़ एरिया कमेटी के कुछ नक्सलियों के घायल होने की खबर मिली है। घटना स्थल की सर्चिंग करने पर जवानों ने भारी मात्रा विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य व रोजमर्रा के सामान बरामद किये हैं।



# प्लेन का टिकट किराया कम होने से यात्रियों में भारी उत्साह

**बिलासपुर,13 मार्च 2024 (ए)।** बिलासपुर के बिलासा देवी केंवट विमानतल से बिलासपुर से कोलकाता और बिलासपुर से दिल्ली फ्लाइट सेवा का आरंभ किया गया। फ्लाइट के एयरपोर्ट के रनवे पर उतरते ही वॉटर कैनन सैल्यूट दिया गया।



छत्तीसगढ़ के दो शहर हवाई नक्शे से जुड़ गए। बिलासपुर के बिलासा देवी केंवट विमानतल से बिलासपुर से कोलकाता और बिलासपुर से दिल्ली फ्लाइट सेवा का आरंभ किया गया। फ्लाइट के एयरपोर्ट के रनवे पर उतरते ही वॉटर कैनन सैल्यूट दिया गया।बिलासपुर में कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित रहे। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखाकर विमान को रवाना किया। दूसरी ओर जगदलपुर में मां दंतेश्वरी एयपोर्ट पर जगदलपुर-जबलपुर-दिल्ली विमान सेवा की शुरुआत भी की गई।

# कलेक्टर की कार कुर्क करने का आदेश

**राजनांदगांव,13 मार्च 2024 (ए)।** तय समय पर एक जमीन के मुआवजा प्रकरण में भुगतान नहीं किए जाने से स्थानीय अपर जिला न्यायाधीश (स्पेशल कोर्ट) ने एक महत्वपूर्ण फैसले में राजनांदगांव की कलेक्टर की कार को कुर्क करने का आदेश दिया है। कुर्की से मिली राशि से आवेदक को मुआवजा देने का आदेश पारित किया गया है। प्रकरण को लेकर अपर जिला न्यायाधीश ने मामले में कलेक्टर के कार को कुर्क कर रकम वसूलने का फरमान सुनाया है। मिली जानकारी के मुताबिक प्रकरण को लेकर अधिवक्ता अर्जुनदास वैष्णव ने 26 फरवरी 2012 में सडक़ निर्माण के दौरान वैदेही देवी के निजी आवास के 4 कमरे चौड़ीकरण के नाम पर प्रशासन ने तोड़ दिए थे।




2012 में मकान तोडऩे के बाद भी 3 साल तक मुआवजा का इंतजार किया गया, लेकिन उचित मुआवजा नहीं मिलने के बाद 2015 में प्रकरण को लेकर अदालत से अपील की गई। लगभग 27 लाख 16 हजार रुपए की मुआवजा राशि की पीड़ित ने मांग की थी। प्रशासन ने सडक़ चौड़ीकरण के नाम पर वैदेही देवी के नाम होने के बावजूद मकान को तोड़ दिया। 22 जून 2023 को न्यायालय ने मुआवजा देने का आदेश पारित किया, लेकिन अदालत के फरमान को नजर अंदाज कर प्रशासन ने मुआवजा देने के लिए कोई पहल नहीं की। अधिवक्ता द्वारा कलेक्टर राजनांदगांव से लेकर एडीएम एवं नजूल अधिकारी की गाडिय़ों का नंबर दिया गया। जिसमें अदालत ने कलेक्टर की कार को कुर्क कर रकम वसूलने करने का आदेश जारी किया।

# स्कूली छात्रा के गर्भवती मिलने से हड़कंप मचा




### डीईओ का बयान आया

**बीजापुर,13 मार्च 2024 (ए)।** पोटा केबिन हाई स्कूल छात्रावास की छात्रा ने बच्चे को जन्म दिया है। गंगालूर आवासीय विद्यालय की छात्रा को पेट दर्द की शिकायत पर बीती रात गंगालूर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया था। यहां चिकित्सको ने 12 वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्रा के गर्भवती होने की पुष्टि की। आज सुबह प्रसव हुआ। और जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित है। डीईओ बघेल ने कहा कि जानकारी मिली है,और वस्तुस्थिति जानने गंगालूर जा रहे हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)